RNI : RAJHIN13216/2005

**सुविचार**

प्रार्थना तभी सफल होती है जब भरोसा पक्का होता है और प्रयास तभी सफल होते हैं जब मेहनत और लगन सच्ची होती है।


दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।। | निष्पक्ष कलम - निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com | हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 | अंक: 249 | पेज: 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, शनिवार 1 अप्रैल, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


# जयपुर में तेज बारिश, बीकानेर-अलवर में 20 मिनट हुई ओलावृष्टि

**गरीबों का सितारा**

**जयपुर।** राजस्थान में मौसम बिगड़ने का दौर लगातार जारी है। जयपुर में शुक्रवार दोपहर बाद बारिश हुई। अलवर और बीकानेर में ओले गिरे। जयपुर में बरसात से तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश में आंधी के साथ बारिश के आसार जताए हैं। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- अगले 24 घंटे में राजस्थान में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से जयपुर, सीकर, अलवर, नागौर, झुंझुनूं, चूरू, भरतपुर, बीकानेर, धौलपुर, करौली, बूंदी, कोटा, बारां, जोधपुर में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की आशंका है। तेज हवा के साथ बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। जयपुर संभाग में कुछ जगहों पर ओले गिरने की भी आशंका है। शर्मा ने बताया- राजस्थान के मौसम शनिवार से एक बार फिर बदलेगा। इसके बाद 1 और 2 अप्रैल को मौसम साफ रहेगा। 3 अप्रैल को फिर से नए सिस्टम के सक्रिय होने से राजस्थान में आंधी के साथ बरसात होने की संभावना है। 4 अप्रैल से मौसम फिर साफ हो जाएगा। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू होगा।



## प्रदेश में 6.4 डिग्री तक गिरा तापमान

राजस्थान में 24 घंटों में हुई बारिश के बाद जोधपुर में न्यूनतम तापमान में 6.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। वहीं, पिलानी में 4.3 डिग्री, सीकर में 2.4 डिग्री, अलवर में 3.1 डिग्री, भीलवाड़ा में 5 डिग्री, अजमेर में 3.7 डिग्री, उदयपुर में 3.9 डिग्री, बाड़मेर में 4.7 डिग्री, बीकानेर में 4.2 डिग्री, चूरू में 4.5 डिग्री और श्रीगंगानगर में 3.1 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। प्रदेश में न्यूनतम तापमान 16.7 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। शुक्रवार को बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में शुक्रवार को जमकर ओलावृष्टि हुई। खेतों में सफेद चादर बिछ गई, जिससे फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है। श्रीडूंगरगढ़ के पुदंलसर, सालासर, दुसारणा की रोही में ओले खेतों में फसल पर गिरे।




### अलवर में 20 मिनट तक गिरे ओले

अलवर के बानसूर में नारायणपुर में आज दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि गिरे। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल चौपट हो गई। वही, नारायणपुर सहित थानागाजी क्षेत्र में भी तेज बारिश के साथ ओले गिरे। क्षेत्र में दोपहर बाद मौसम बदलने के साथ ही तेज हवाओं के साथ करीब 3 बजे मूसलाधार बारिश हुई। करीब 20 मिनट तक चने के आकार ओले की बौछार हो गई।

### एक दिन पहले भी बीकानेर में गिरे थे ओले

बीकानेर के बज्जू में गुरुवार दोपहर को जेएनवी कॉलोनी में बारिश के साथ पांच मिनट तक ओलावृष्टि हुई। छत्तरगढ़ तहसील के मंडी 465 आरडी में आए तूफान से सोलर प्लेटों को नुकसान पहुंचा है। बेमौसम की बारिश व ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी ईसबगोल, सरसों, चने की फसलों को नुकसान हुआ है। बज्जू के आसपास गज्जेवाला, रणजीतपुरा, राववाला, बज्जू, मोडायत, भलूरी, बिकेंद्री, आरडी 860, फूलासर सहित क्षेत्रों में भी बरसात और ओले गिरे।

# बीजेपी जल्द कर सकती है नए नेता प्रतिपक्ष का ऐलान

**अरुण सिंह बोले- 2 दिन में पार्टी विधायकों की बैठक आयोजित होगी, फिर नाम का ऐलान होगा**

**गरीबों का सितारा**



**जयपुर।** राजस्थान में चुनावी साल शुरू होने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी एक्टिव मोड में आ गई है। प्रदेश अध्यक्ष के बाद अब भारतीय जनता पार्टी जल्द ही राजस्थान में नए नेता प्रतिपक्ष का ऐलान कर सकती है। राजस्थान बीजेपी के प्रभारी अरुण सिंह ने कहा है कि 2 दिन में पार्टी विधायकों की बैठक आयोजित होगी। इसमें विधायकों की राय के आधार और पार्टी आलाकमान के निर्णय के बाद नेता प्रतिपक्ष के नाम का ऐलान किया जाएगा। हालांकि नेता प्रतिपक्ष कौन होगा इसको लेकर अरुण सिंह ने फैसला पार्टी विधायकों द्वारा करने की बात कही है। बता दें कि राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष रहे गुलाबचंद कटारिया के असम के राज्यपाल बनने के बाद राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली चल रहा है। राजस्थान बीजेपी के प्रभारी अरुण सिंह ने कहा- कांग्रेस सरकार की लापरवाही की वजह से जयपुर बम ब्लास्ट मामले के आरोपियों की रिहाई हुई है। कांग्रेस के वकील लचर और नरम पैरवी कर रहे थे। भारतीय जनता पार्टी और बीजेपी इस मामले पर चुप नहीं बैठेंगे। हम पुरजोर तरीके से कांग्रेस सरकार की इस लापरवाही को लेकर विरोध करेंगे। ताकि बेकसूर लोगों के हत्यारों को सजा मिल सके। अरुण सिंह ने कहा- राजस्थान के मुख्यमंत्री पुराने बजट को पढ़ते हैं। उन्हें यही ध्यान नहीं रहता कि नया बजट और पुराना कौनसा है। वह राजस्थान में कैसे सत्ता में आएंगे। राजस्थान में हालात इतने खराब है, कि कांग्रेस के ही मंत्री कहते हैं कि अगर अब भी कांग्रेस नहीं संभली। फॉर्च्यूनर में बैठने जितने कांग्रेस के विधायक भी बमुश्किल ही चुनाव जीत सकेंगे। कांग्रेस के ही नेता अपनी सरकार के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। न जाने मुख्यमंत्री किस आधार पर 156 सीट लाने की बात करते हैं। मुझे तो लगता है कि अशोक गहलोत 156 क्या 56 सीटें भी नहीं ला सकेंगे। बल्कि एक कार में बैठने जितने विधायक भी मुश्किल ही आएंगे। सिंह ने कहा- राजस्थान के संगठन में बदलाव को लेकर प्रदेश अध्यक्ष चंद्र प्रकाश जोशी ही फैसला करेंगे। फिलहाल वह पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। इसमें सामूहिक रूप से चर्चा की जाएगी। उसके बाद ही कोई फैसला होगा। भारतीय जनता पार्टी की यही कार्यपद्धति रही है। अरुण सिंह ने कहा- राजस्थान में हालात बद से बदतर हो चुके हैं। रामनवमी के मौके पर भजन चलाने के लिए सरकार से परमिशन लेनी पड़ती है। कोटा में पीएफआई खुलेआम रैली निकालती है। कांग्रेस सरकार के राज में पुजारियों की हत्या की जाती है। बेकसूर संत आत्मदाह करने को मजबूर है। जबकि कांग्रेस सरकार तो खनन माफिया को संरक्षण देने में लगी हुई है। राजस्थान में पेपर लीक युवाओं के सपनों को तोड़ रहा है। लेकिन कांग्रेस सरकार सोई हुई है।

# राइट टू हेल्थ बिल पर डोटासरा से मिलने पहुंचे डॉक्टर्स

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अधिकारियों से बातचीत के बाद ही कोई फैसला लेने की बात कही**

**गरीबों का सितारा**

**जयपुर।** शुक्रवार सुबह डॉक्टर्स के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से राइट टू हेल्प बिल को लेकर आधे घंटे की मुलाकात की। इस दौरान डॉक्टर्स डोटासरा के सामने अपनी समस्याएं रखी। राजस्थान में राइट टू हेल्थ बिल को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को आंदोलनरत डॉक्टर्स ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की। इस दौरान डॉक्टर्स ने फ्ळ्ळ बिल को लेकर डोटासरा के सामने आपत्तियां रखी। जिस पर डोटासरा ने अधिकारियों से बातचीत



के बाद ही कोई फैसला लेने की बात कही। वहीं, अब डॉक्टर्स का प्रतिनिधिमंडल जयपुर से सीकर के लिए रवाना हो गया है। जहां सरकार के खिलाफ डॉक्टर मशाल और जागरूकता रैली निकालेंगे। इसके बाद डॉक्टर्स 7 अप्रैल को एक बार फिर जयपुर में महारैली निकाल शक्ति प्रदर्शन करेंगे। जिसमें बड़ी संख्या में डॉक्टर्स के शामिल होने की संभावना है। दरअसल, गुरुवार दोपहर में प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम सोसायटी के पदाधिकारियों ने बैठक कर मुख्यमंत्री से इस पूरे मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी। जिसके बाद डॉक्टर्स का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास भी पहुंचा था। जहां डॉक्टर्स की ओर से वीरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री तक डॉक्टर्स की मांग पहुंचाई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को डॉक्टर्स की समस्या सुनने के लिए अधिकृत किया था। वहीं आज राइट टू हेल्थ बिल को लेकर गोविंद सिंह डोटासरा ने डॉक्टर्स की समस्याओं की सुनवाई की है। ऐसे में अब डोटासरा भी अधिकारियो से बातचीत के बाद एक बार फिर डॉक्टर्स से बात करेंगे।


"सितारे का साथ-आपके हाथ"

अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी

आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी

अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध

अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...

Log in करे : www.garibonkasitara.com

अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करे...

।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम | निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125


**दीपेंद्र हुड्डा बोले-** केंद्र बताए, क्या ललित मोदी उनका एजेंट

# कहा- भगौड़ा विदेश में बैठकर केंद्र सरकार के पक्ष में क्यों बोल रहा है?

**गरीबों का सितारा**

**जयपुर।** राहुल गांधी के खिलाफ लंदन में कोर्ट केस करने के पूर्व आईपीएल ललित मोदी के बयान को लेकर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी पर निशाना साधा है। दीपेंद्र हुड्डा ने



कहा- ललित मोदी पर देश से करोड़ों लेकर भागने के आरोप है। एक भगौड़ा विदेश में बैठकर बीजेपी और केंद्र सरकार के पक्ष में बोल रहा है। यह राज क्या है। केंद्र सरकार बताए कि क्या ललित मोदी उसके एजेंट हैं। जो इस तरह उनके पक्ष में बोल रहे हैं? भगौड़े मेहुल चौकसी के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉनर्रर नोटिस क्यों विड्रो कर लिया। दीपेंद्र हुड्डा शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। हुड्डा ने कहा- जब ललित मोदी देश से भाग रहे थे, देश की तमाम एजेंसियां उनके पीछे थीं। क्या ये एजेंसियां गलत थीं। चोर मचाए शोर वाली कहावत हुई की एक आरोपी व्यक्ति जिसके खिलाफ देश की जांच एजेंसियों ने भ्रष्टाचार के मुकदमे किए। क्या ऐसे व्यक्ति की बात भी अब देश मे सुनी जाएगी? हुड्डा ने कहा- ललित मोदी पर देश के करोड़ों का माल लेकर भाग जाने का गंभीर आरोप है। देश की जांच एजेंसियों ने उन्हें भगोड़ा तक घोषित कर दिया है। ललित मोदी को लेकर देश की सरकार यह कहती थी कि वापस ले आएंगे। वो सरकार अब इस बात का जवाब दे कि ललित मोदी विदेश में बैठकर इस तरह से स्टेटमेंट दे रहे हैं कि जैसे कि वह सरकार के एजेंट हो। सरकार यह साफ करे कि वह उनके एजेंट के रूप में क्यों बोल रहे हैं? ललित मोदी के खिलाफ देश की सरकार ने मुकदमा किया। ललित मोदी राहुल गांधी के खिलाफ बोल रहे हैं। देश की सरकार के खिलाफ नहीं बोल रहे। ऐसे हालात में एक आरोपी अगर देश के बाहर जाकर जिस सरकार ने उनके खिलाफ मुकदमे कर रखे हैं। उनके पक्ष में बयान दे तो यह क्या संकेत हैं। इस पर सरकार को सफाई देनी चाहिए।

अपना शहर
क्षेत्र का नं. 1 अखबार
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
शनिवार, 1 अप्रैल, 2023


पूर्वानुमान>

| | शनि | रवि | सोम | मंगल |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 30°c | 32°c | 31°c | 29°c |
| न्यूनतम> | 18°c | 18°c | 19°c | 17°c |

23°

# रवीन्द्र मंच पर दशार्या 'कलाम की दिवानगी' को दर्शकों ने सराहा





## ड्रामे में सभी धर्मो को भाई चारे का संदेश दिया

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** आगाज द अमेजिंग रंगमंच ग्रुप प्रस्तुत ड्रामा 'कलाम की दिवानगी' का मंचन शुक्रवार की शाम 7.30 रविंद्र मंच पर किया गया। ड्रामे का लेखन फिरोज मिर्जा , निर्देशन डॉ. बुलबुल नायक द्वारा किया गया। जो अभिनय के साथ-साथ निर्देशन भी कर रही थी कहानी एक गरीब लड़के से शुरू होती है जिसका नाम काना होता है जो कबाड़ी से किताबें खरीद कर घर लाता है जो एग्जाम की तैयारी करता है काना किताबो को देखता है उस किताब के बंडल से एक किताब कलाम साहब पर लिखी हुई होती है काना ने कलाम साहब के बारे में पहले से बहुत कुछ पढ़ लिख रखा था किताब से एक कलाम साहब का पोस्टर निकलता है जिसे काना अपने घर की दीवार पर चिपका लेता है। और रोज कलाम साहब से बाते कर लेता है। ड्रामे में सभी धर्मो को भाई चारे का संदेश दिया है। कलाम साहब की जीवनी, बचपन की सुनहरी यादें, कलाम साहब की स्कूली शिक्षा, परमाणु परीक्षण, देश को बनाया ताकतवर, देश में एकता का संदेश, कलाम साहब की ईमानदारी आदि उपलब्धियों को ड्रामे के माध्यम से दशार्या गया है। ड्रामे में मुख्य भूमिका में डॉ. बुलबुल नायक, करण सोनी, जावेद अख्तर, मनन आसुदानी, खुशबू आसुदानी, देवांग सैनी आदि कलाकारो ने अभिनय किया। मेकअप असलम पठान द्वारा किया गया।

## पंचाग

दिनांक 01अप्रैल 2023 शनिवार
विक्रम संवत2080चैत्र शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | एकादशी | 28:19:08 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | आश्लेषा | 28:47:18 |
| योग | धृति | 26:42:54 |
| करण | वणिज | 15:10:03 |
| करण | विष्टि भद्र | 28:19:08 |
| चन्द्र राशि | कर्क | 28:47:18 |
| चन्द्र राशि | सिंह | 28:47:18 |
| सूर्य राशि | मीन | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:19:23 |
| सूर्यास्त | 18:42:32 | |
| चंद्रोदय | 14:29:41 | |
| चंद्रास्त | 28:16:55 | |
| राहू काल | 10:59-12:31 | |
| अभिजित | 12:07-12:56 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| चर | 06:20-07:53 | शुभ |
| लाभ | 07:53-09:26 | शुभ |
| अमृत | 09:26-10:59 | शुभ |
| शुभ | 12:31-14:04 | शुभ |
| चर | 17:09 - 18:42 | शुभ |



विशेष जानकारी:-
एकादशी व्रत:-आज
विष्णु द्वादशी:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति करती है : जोशी

### कहा : भाजपा 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीतेगी

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने मीडिया से संबोधित करते हुए कहा कि जयपुर बम ब्लास्ट के मामले में हाईकोर्ट



में सरकार ने प्रभावी पैरवी नहीं की, जबकि कांग्रेस सरकार में संकट में आती हैं तो अपने को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के बड़े वकील खड़े करती हैं।इस केस में तो सरकार द्वारा नियुक्त अतिरिक्त महाअधिवक्ता ने कई दिनों तक पैरवी नहीं की, सवाल उठता है ऐसा उन्होंने किसके कहने पर किया। सीपी जोशी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बांटने की राजनीति की है, 1984 में सिख भाई-बहनों का नरसंहार कांग्रेस के शासन में हुआ, आतंकवादियों को प्रश्रय व सरंक्षण कांग्रेस सरकार के समय हुआ। शांति प्रिय राजस्थान में साढ़े चार वर्ष में सौहार्द बिगाडने वाले लोगों को सरकार संरक्षण मिला हुआ है, कांग्रेस सरकार के खत्म होते जनाधार के कारण मुख्यमंत्री गहलोत कभी तुष्टिकरण की राजनीति करते है, कभी खालिस्तान की बात करते है। सीपी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत 2023 के विधानसभा चुनाव में 156 सीट जीतने की बात करते है, जबकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दो बार के कार्यकाल में विधानसभा की 21 और 56 सीटें ही कांग्रेस जीत पाई और प्रदेश के आज के हालात देखकर लगता है कि अबकी बार 21 सीट भी नहीं जीत पाएगी। विधानसभा 2018 के चुनाव में किसानों से किये गए ऋण माफी का वादा, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, संविदाकर्मियों को नियमितिकरण का वादा, कानून व्यवस्था, अपराध को रोकने एवं महिला सुरक्षा का वादा इत्यादि गहलोत सरकार ने पूरा नहीं किया। राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार को 2023 के विधानसभा चुनाव में जवाब देगी, भाजपा को प्रचंड जनादेश मिलेगा।

# किसानों और व्यापारियों से जुड़े कामों को प्राथमिकता: बेनीवाल

### 2.91 करोड़ की शीशी सड़कों का शिलान्यास, नवनिर्मित दो टीन सैडो का किया लोकार्पण

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/लूणकरणसर बीकानेर।** नई अनाज मंडी मे राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड जयपुर की ओर से लूणकरनसर की नई अनाज मंडी में शुक्रवार को 2.91 करोड़ की स्वीकृति सड़कों का पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल ने शिलान्यास एवं नवनिर्मित 2 टीन सेड का लोकार्पण किया । इस अवसर पर पूर्व मंत्री बेनीवाल ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है तथा इसी को मद्देनजर रखते हुए अलग से कृषि बजट प्रस्तुत किया है उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन से जुड़े कामों को प्राथमिकता दे रही है इस मौके पर उपखंड अधिकारी संजीव कुमार वृत्ताधिकारी नोपाराम भाखर विकास अधिकारी शीला देवी ने भी संबोधित किया । इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजाराम जाखड़ लूणकरणसर उपसरपंच गणेशाराम मेघवाल पूर्व उपप्रधान अजय गौड़ पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पतराम गोदारा कार्यवाहक मंडी सचिव कमल कुमार सोनी केवीएसएस चेयरमैन लाधूराम थालोड बालादेसर सरपंच प्रतिनिधि पुरखाराम मूण्ड पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष जुगल बोथरा मनीराम लेघा गोविंदराम गोदारा उद्योग संघ अध्यक्ष हनुमानमल भूरा गोटा एसोसिएशन अध्यक्ष हरि लेघा पूर्व जिला परिषद सदस्य भागीरथ बिजारणिया व्यापारी






हंसराज बरडिया बाबूलाल दूगड़ जुगल तातेड़ मनोज राखेचा राजाराम बेनीवाल सुरेंद्र कुमार गंग राजकुमार दूगड़ बजरंग कोठारी कमलेश बंसल संपत बोथरा रेवन्तराम कूकणा देवकिशन राठी मंगलचंद दुगड़ संतोकचन्द भूरा पंकज खेतान पूर्व जीएसएस अध्यक्ष भंवरलाल माली अन्नाराम नैण पूर्व सरपंच कालूराम ज्याणी मनोहर जोशी महिला ब्लॉक अध्यक्ष विजयलक्ष्मी शर्मा शांति रामावत रजनी देवी सहित व्यापारी गण मौजूद रहे।

# पार्टी ने चाहा तो खाजूवाला से चुनाव लड़ेंगे

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर में डॉ.भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन अम्बेडकर पीठ के महानिदेशक मदन गोपाल मेघवाल ने कहा है कि यदि पार्टी ने चाहा तो खाजूवाला से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं यह बात उन्होंने मीडिया के साथ बातचीत में कही। मेघवाल ने गुरूवार को सर्किट हाउस में होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया, उसमें पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से देश में लोगों में स्नेह का अभाव है, आज एक दूसरे में दरार पैदा हो रही है इससे गंगा-जमुनी संस्कृति है जो कहीं न कहीं तार-तार हो रही है। जयपुर बम बलास्ट मामले में पर सचिन पायलट के बयान के सावाल पर उन्होंने कहा कि हलांकि उन्होंने यह फैसला अभी पढा नहीं है, इसलिए इस पर कुछ नहीं कह सकते, लेकिन यदि सचिन पायलट ने कहा कि पुलिस इस मामले में फेल रही है, तो उक्त मामले की जांच होनी चाहिए, जिसने भी गलती की है, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। आईपीएस की नौकरी छोडकर राजनीति में आए मदन गोपाल मेघवाल बीते लोकसभा चुनाव में अर्जुनराम मेघवाल के खिलाफ चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। अर्जुनरामजी के मौसेरे भाई ने कहा कि रिश्तेदारी सदैव रहेगी, लेकिन पार्टी और विचारधारा अपनी जगह है। उसके निर्देश सर्वोपरि है।



# पार्षद संतोष अग्रवाल के विकास कामों की गूंज : वार्ड संख्या 7 में फूल खिले गुलशन गुलशन

## नीलगिरी कॉलोनी के ब्लॉक ए में बोरिंग की मिली सौगात

### आशुसिंह जोधा सहित सभी कॉलोनी वासियों ने दिया धन्यवाद ज्ञापित

गरीबों का सितारा

**मुरलीपुरा, राजेंद्र शर्मा ।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर की महिला पार्षद संतोष अग्रवाल की ओर से एक के बाद एक किए गए विकास कामों से वार्ड संख्या -7 में चारों ओर खुशहाली का आलम छाया हुआ है। पार्षद संतोष अग्रवाल अपने मधुर और सौम्य व्यवहार से तो बहुत पहले से ही लोगों का दिल जीते हुए हैं लेकिन उन्होंने जिस तरह से अपने पति कैलाश अग्रवाल के साथ मिलकर वार्ड की सभी छोटी-बड़ी समस्याओं को एक-एक करके दूर करने का बीड़ा उठाया है उससे स्थानीय लोग इस दंपति के दीवाने से हो गए हैं। हाल ही में पार्षद और उनके पति के प्रयासों से नीलगिरी कॉलोनी ब्लॉक ए में बोरिंग का शुभारंभ किया गया है उससे स्थानीय लोगों के पीने की पानी की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगा। उक्त कॉलोनी में पानी की गंभीर समस्या थी। स्थानीय लोगों ने पानी की समस्या के बारे में पार्षद संतोष अग्रवाल उनके पति कैलाश अग्रवाल को अवगत करवाया जिसके बाद उक्त दंपति ने स्थानीय लोगों की पीड़ा और दर्द को समझा। दंपति ने इस पीड़ा को दूर करने के लिए नगर निगम प्रशासन और सरकारी स्तर पर जबरदस्त प्रयास करके आखिरकार कॉलोनी के लिए बोरिंग की स्वीकृति हासिल कर ली जिसके बाद अब बोरिंग की शुरूआत होने से स्थानीय लोगों के चेहरे खिल उठे हैं। कॉलोनी के लोगों ने बाकायदा पार्षद और उनके पति को बोरिंग के लिए धन्यवाद विज्ञापित किया है स्थानीय गणमान्य नागरिक आशु सिंह जोधा और अन्य विशिष्ट जनों ने पार्षद संतोष अग्रवाल और उनके पति कैलाश अग्रवाल के प्रति बोरिंग के लिए गहरा आभार भी जताया।




# विशला माता का किया सोलह श्रृंगार 143 कन्याओं का हुआ पूजन



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** करमीसर रोड स्थित विशला माता मंदिर में शुक्रवार को सर्वसमाज की कन्याओं का पूजन किया गया। विशला माता भक्त मंडल द्वारा आयोजित 143 कन्याओं के पैर धोकर उनका पूजन किया गया और उन्हें भोजन करवाया गया। इस दौरान विशला माता का सोलह श्रृंगार किया गया तथा महाआरती के बाद प्रसादी का भोग लगाया गया। आयोजन में विशला माता भक्त मंडल के जयंतीलाल कोचर, इंद्रचंद बच्छावत, मोती कोचर, किशोर कोचर, नवीन कोचर, सुरेन्द्र कोचर, सुन्दरलाल कोचर, नथमल कोचर, राजेन्द्र कोचर, सुनील कोचर, जिनेन्द्र बैद, पंकज कोचर, रजनीश कोचर, पारस कोचर, जीतू कोचर, खुशाल कोचर, अनिल कोचर, मनोज पड़िहार, नरेन्द्र कोचर, विजय सेठिया, बिमलचंद कोचर, अजीत कोचर, उर्मिला कोचर, अंकुर कोचर, निधि कोचर, कविता, रेणु सेठिया, सरोज कोचर, अंजू कोचर, चंद्रा कोचर, कृति सेठिया, हिमांशी कोचर, खुशाली कोचर आदि कार्यकताओं की सहभागिता रही।



# खेलो इंडिया सब जूनियर नेशनल वीमेन वुशू लीग में

### राजस्थान टीम ने संशोऊ में ओवरआल टीम चैंपियनशीप में जीती तीसरे स्थान की ट्रॉफी




गरीबों का सितारा

**जयपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण व भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 27 से 31 मार्च 2023 तक जम्मू में आयोजित हुई खेलो इंडिया सबजूनियर नेशनल वीमेन वुशू लीग में राजस्थान वुशू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण व 5 कांस्य पदक जीते। हीरानन्द कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि 1 स्वर्ण व 3 कांस्य पदक के साथ संशोऊ में ओवरआल टीम चैंपियनशीप में तीसरे स्थान की ट्रॉफी तथा तालू में 2 पदक प्राप्त किये। अध्यक्ष के अनुसार पदक विजेता खिलाडियों के विवरण इस प्रकार है: स्वर्ण पदक विजेताः 42 किलोग्राम भारवर्ग हिमानी, कांस्य पदक विजेताः 27 किलोग्राम भारवर्ग शानाया बेनीवाल, 39 किलोग्राम भारवर्ग ईशिता चौधरी, 45 किलोग्राम भारवर्ग दिव्या गोदारा, वन्दना चौहान ताईची, वन्दना चौहान ताईची जियान प्रतियोगिता के पदक विजेता सभी खिलाडियों व ऑफिसियल को लालचंद कटारिया, मुख्य संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, राजाराम मील, संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, गोपाल सैनी, संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, राजकुमार शर्मा संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, भगवान सहाय जाटवा संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, श्री के. सी. घुमरिया, चेयरमैन, राजस्थान वुशू संघ, ममता वर्मा महासचिव राजस्थान वुशू संघ व सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## विश्वविद्यालय टॉपर बनने पर निधि नारनोलिया स्वर्ण पदक से सम्मानित

### शेखावाटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने दिया सम्मान




गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़ (विनोद धायल)।** कस्बे के नारनोलिया परिवार की होनहार लाड़ली निधि नारनोलिया को मास्टर ऑफ कॉमर्स में विश्वविद्यालय टॉपर रहने पर शुक्रवार को राज्यपाल कलराज मिश्र ने गोल्ड मैडल से सम्मानित किया है। कटराथल स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में राजस्थान के राज्यपाल महामहिम कलराज मिश्र ने निधि नारनोलिया को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया। निधि, शेखावाटी रंगमंच घूमर के अध्यक्ष, कवि एवं वरिष्ठ अध्यापक रामचंद्र नारनोलिया की पुत्री तथा राजस्थान पत्रिका के पत्रकार प्रभाष नारनोलिया की छोटी बहन है। निधि की सफलता पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, भाजपा नेता दिनेश जोशी, भाजपा जिला मंत्री भागीरथ गोदारा, विप्र कल्याण बोर्ड के सदस्य पवन बुटोलिया, पालिका उपाध्यक्ष बनवारी पांडेय, लक्ष्मणगढ़ पत्रकार संघ के अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद के अध्यक्ष विष्णु भूत, नेता प्रतिपक्ष ललित पुरोहित, भाजपा नगर अध्यक्ष मधु दायमा, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक छगन शास्त्री, अर्जुन अवार्डी सुरेश मिश्र सहित नगर के गणमान्य जनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## हनुमान सेवा समिति के द्वारा 6 को होंगे विभिन्न आयोजन

गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़।** हनुमान सेवा समिति की बैठक शुक्रवार को कस्बे के कठूमर रोड़ पर स्थित कपूरी कुई हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में हनुमान जयंती मनाने पर विचार किया गया। हनुमान जयंती के आयोजन को लेकर मुन्ना शर्मा ने बताया कि 6 अप्रैल गुरुवार को सुबह प्रातः प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो कपूरी कुई हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होते वापस मंदिर परिसर पहुच कर सम्पन्न होगी। बाद में राहगीरों को ठंडाई प्रसाद वितरण की किया जाएगा। वही शाम 7 बजे से राजू भैया राजगढ़ के संगीतमय सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया जाएगा। बैठक में नानक साहू, संतोष बंसल, मुकेश जैन, मुन्ना शर्मा, सतीश जैन, रामफूल सैनी, अमित साहू, भूपेंद्र चौधरी, बिट्टू साहू, विजय चोपड़ा सहित अनेक सदस्यों ने भाग लिया।

## बीचगावा में सेवानाथ महाराज की मनाई जयंती, निकाली शोभायात्रा

### *कई राज्यो से लोगों ने लिया भाग*




**लक्ष्मणगढ़।** बीचगावा में श्री लक्ष्मणनाथ जी महाराज के सानिध्य में शुक्रवार को त्रपननाथ उर्फ सेवानाथ महाराज की 28 पर जयंती की मंगल कलश व शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे कई राज्यों के हजारों लोगों ने भाग लिया। श्रद्धालु दिनेश मीणा, प्रेम कुमार सैनी, मोनू साहू, रविन्द्र खटीक ने मंदिर परिसर से शुरू हुई मंगल कलश यात्रा में हजारों की तादाद में महिलाओं ने भाग लिया। वही इस दौरान त्रपननाथ उर्फ सेवानाथ महाराज, शिव परिवार, राम-लक्ष्मण, गणेशी जी की शोभायात्रा भी निकाली गई। गाजेबाजे के साथ निकाली गई शोभा व कलश यात्रा बीचगावा के मुख्य मार्गों व गली मोहल्लों से होते हुए वापस मंदिर में पहुचकर सम्पन्न हुई। गांव में दर्जनों जगहों पर कलश व शोभायात्रा का स्वागत किया गया। बाद में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के हजारों में तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए और ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## इन्द्रधनुष की अदभुत छटा:बारिश के बाद इंद्रधनुष ने बिखेरी सतरंगी छटा

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे सहित आसपास क्षेत्र में सुबह से लगातार हुई बारिश के बाद शाम के समय आसमान में इन्द्रधनुष की अदभुत छटा ने पूरे क्षेत्र को सतरंगी कर दिया। लोगो मे आकर्षण का केन्द्र बना रहा। वहीं बादलों की कलाकृतियां भी पहाड़ी क्षेत्र जैसी दिखाई दी। बता दें कि पिछले 15 दिनों से बारिश हो रही है। शुक्रवार को बारिश के बाद शाम 6 बजे आसमान में इंद्रधनुष का मनमोहक नजारा देखने को मिला। वैज्ञानिक आगे अच्छी बारिश होने की संभावना जता रहे हैं। लगातार बारिश से तापमान गिरा। सड़क से गुजरते राहगीर, महिलाओं और बच्चों ने सड़क पर रुककर इंद्रधनुष की तस्वीरें खींची। बच्चों ने इंद्रधनुष देखा तो खुशी से झूम उठे। लोगों ने छतों पर चढ़कर इंद्रधनुषी नजारे का आनंद लिया। इंद्रधनुष की तस्वीरों को कैमरे में कैद कर लिया। वैज्ञानिकों का मानना है कि वर्षा के बाद अमूमन इंद्रधनुष का प्राकृतिक नजारा देखने मिलता है। बादल में पानी की सूक्ष्म बूँद व कणों पर पड़ने वाली सूर्य किरणों का विक्षेपण ही इंद्रधनुष के सुंदर रंगों का कारण है। इंद्रधनुष अच्छी बारिश का सूचक हो सकता है।



# प्रदेश संयुक्त सचिव और जिला महासचिव महेश चन्द मीना ने सरकारी स्कूल मे शिक्षण सामग्री की वितरित

### मीना राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन भारत के प्रदेश संयुक्त सचिव व भारतीय ग्रामीण पत्रकार संगठन के जिला महासचिव पद पर है आसीन





### पीईईओ सुरेश चन्द मीना की मौजूदगी में वितरित की शिक्षण सामग्री

### एसडीएमसी सदस्य हेमलता देवी एवं सरस डेयरी के डायरेक्टर कैलाश चंद मीना सहित विद्यालय का स्टाफ रहा मौजूद

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की सरकारी मिडल स्कूल खोहरा चौहान मे शुक्रवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना के द्वारा स्वेच्छापूर्वक शिक्षण सामग्री के रूप मे सभी विधार्थियो को एक एक पेन , पेन्सिल , कोपी , शोपनर , रबड , पुस्तक इत्यादि वितरण की गई। उल्लेखनीय है कि पत्रकार मीना इस तरह से शिक्षण सामग्री बाटता ही रहता है , मीना ने पूर्व मे भी 25 नवम्बर 2022 को अपनी माताजी की पुन्य तिथि पर भी सभी विधार्थियो को इसी तरह से ये सब शिक्षण सामग्री बाटी थी तथा 24 जनवरी 2023 को स्कूल मे वार्षिकोत्सव के दौरान भी और अब 31 मार्च 2023 को पुनः तीसरी बार एक ही सत्र मे वितरित की है। इस दौरान मौजूद बैरेर सीनियर स्कूल प्रिंसिपल और पीईईओ सुरेश चन्द मीना ने राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव मीना की इस पुनित कार्य के लिए बहुत बहुत प्रशंसा की और धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मीना के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बताया ऐसे कार्य करना एक बहुत ही आदत है और सभी को ऐसे कार्य मे रूचि लेनी चाहिए तथा सभी विधार्थियो ने भी प्रसन्न होकर खूब ताली बजाई। इस दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के प्रदेश संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सभी को विवाह की सालगिरह मनाते समय तथा बर्थ-डे पार्टी के दौरान स्कूल बच्चो को भी शिक्षण सामग्री बाटनी चाहिए इस बात मे स्कूल स्टाफ और पीईईओ सुरेश चन्द मीना ने भी अपनी सहमति जाहिर करते हुए बताया कि आमजन को समझना चाहिए और हर खुशी को स्कूल बच्चो के बीच मे आकर मनाना चाहिए और विधार्थियो को शिक्षण सामग्री वितरित करना बहुत अच्छी बात है। इस दौरान मौजूद खोहरा चौहान सरस डेयरी डायरेक्टर कैलाश चंद मीना ने भी ऐसे कार्य को सराहनीय कार्य बताया तथा एसडीएमसी सदस्य व पूर्व वार्ड पंच हेमलता देवी ने भी बच्चो को प्रसन्न मुद्रा मे देखकर उनसे बातचीत भी की। इस कार्यक्रम के दौरान बैरेर पीईईओ सुरेश चन्द मीना तथा विधालय स्टाफ और एसडीएमसी सदस्य व पूर्व वार्ड पंच हेमलता देवी तथा खोहरा चौहान सरस डेयरी डायरेक्टर कैलाश चंद मीना मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी एसडीएमसी सदस्य व पूर्व वार्ड पंच हेमलता देवी के द्वारा दी गई।

## ग्रामीण क्षेत्र में ओलावृष्टि से फसले हुई खराब

### गूँती में 700 बीघा कस्टोडियन भूमि मुआवजे से वंचित

गरीबों का सितारा



**वी.पी.मीणा (बहरोड़)।** उपखंड के ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। जिससे किसानों की फसल का भारी नुकसान हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर को क्षेत्र के गूँती, गादोज, ढिंढोर, खरकड़ा, कांकर छाजा, शेरपुर, शिमला श्यामपुर सहित आसपास इलाके में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। जिससे खेतो में बिखरी हुई सरसों की फसल व खेत मे खड़े हुए गेहूं की फसल का नुकसान हो गया। किसानों का मानना है कि जब फसल को बारिश की आवश्यकता थी उस समय तो बारिश हुई नहीं। अब फसल की कटाई के समय हो रही बारिश ने हमारी मेहनत पर पानी फेर दिया। वहीं क्षेत्र के गूँती गांव में किसानों के पास 700 बीघा कस्टोडियन कृषि भूमि है, जिस पर फसल बो रहे हैं। ऐसे में कस्टोडियन भूमि की मुआवजा राशि प्राप्त नहीं कर पाएंगे। जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड रहा है।

**इनका कहना है...**



अनेकों बार कस्टोडियम भूमि को आबादी भूमि में परिवर्तन करवाने के लिए स्थानीय नेताओं के साथ साथ मुख्यमंत्री को इस विषय में अवगत करवाया जा चुका हैं। लेकिन उसके बावजूद भी अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया है ' 20 बीघा भूमि किराए पर लेकर सरसों व गेहूं की फसल पैदा की गई थी। लेकिन पिछले 20 दिनों से लगातार हो रही बारिश ने सरसों और गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया। ऐसे में किसी प्रकार का ना हमें मुआवजा मिलेगा साथ ही किराया चुकाना भी मुश्किल हो रहा है। अगले महीने में दो लड़कियों की शादी करनी है। ओलावृष्टि से हुई खराब फसल से बड़ी परेशानी हो गई।

**प्रवक्ता सुनील यादव**
**जिला परिषद सदस्य**

## कॉलेज स्टाफ ने किया मेधावी छात्र का सम्मान



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा (बहरोड़)।** कस्बे के राजकीय धर्मचंद गांधी जैन महाविद्यालय में शुक्रवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें राजकीय महाविद्यालय बहरोड से 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा के आए परिणाम में बीएससी गणित वर्ग से पवन कुमार पुत्र जयराम सिंह में ग्रुप 3 कॉलेज लेवल में जिला मेरिट में 57 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय स्टाफ द्वारा छात्र पवन कुमार का माला पहनाकर एवं मिठाई खिला कर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ राजेश कुमार शर्मा ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संदीपन कुमार आर्य, मनमोहन सैन, विनय सिंह यादव, अनिता राज, अनिल कुमार, कौशल चंद्र मिश्रा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## किरोड़ी सिंह बैंसला व वीर विकृम सिंह गुर्जर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़।** गुर्जर समाज लक्ष्मणगढ़ के द्वारा शुक्रवार को कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला व वीर विकृम सिंह गुर्जर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। भरत सिंह पटेल ने बताया की कस्बे के देवनगर में पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें एडवोकेट रमेशचंद गुर्जर व प्रेम पटेल ने कहां की कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला ने सोती गुर्जर हुई कौम को जगाया है। उनकी बदौलत ही गुर्जर समाज को आरक्षण मिल पाया है। उन्होंने आरक्षण के लिए आजाद भारत का सबसे बड़ा आंदोलन किया था। कनर्ल किरोड़ी बैसला ने गुर्जर आंदोलन में समाज के लोगों पर हुए मुकदमो को वापस कराया था। कर्नल बैंसला को गुर्जर समाज कभी नहीं भूल सकती है। वह गुर्जर समाज में हिंदुस्तान लेवल के पहले आदमी थे। आरक्षण का बिगुल रामगोपाल गार्ड ने बजाया और इसे आगे कर्नल किरोडी बैसला लेकर गये। श्रद्धांजलि सभा में समाज के लोगों ने कर्नल किरोड़ी बैसला की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एडवोकेट रमेश चंद गुर्जर, प्रेम पटेल, भरत सिंह, विश्राम गुर्जर कैमला, अर्जुन सिंह बैंसला, अमित गुर्जर एडवोकेट , नारायण पटेल सतीश गुर्जर , योगेश गुर्जर, कुल्ली पहलवान, रमेश गुर्जर भी मौजूद रहे।

## आठ माह की गर्भवती महिला के साथ हुई मारपीट, मामला दर्ज

### घटना का सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल

गरीबों का सितारा

**वी.पी.मीणा (बहरोड़)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कल्याणपुरा में शुक्रवार को सोशल मीडिया पर मारपीट का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के संबंध में पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया गया ' जानकारी के अनुसार मंजू पत्नी मंजीत यादव ने मामला दर्ज करवाया है कि 30 मार्च शाम को मेरी सास प्रेम पड़ोस में गई हुई थी व मेरा पति बहरोड़ आया हुआ था। मैं घर पर अकेली बैठी हुई थी तभी नवीन पुत्र हवासिंह व राहुल पुत्र महेंद्र ने शराब पीकर हमारे घर के अंदर घुसकर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि इन लोगों ने मेरे सिर से चुनरी उतार दी व मेरे साथ मारपीट की जोर-जोर से चिल्लाने पर आसपास के लोगों ने छुड़वाया मैं 8 महीने की गर्भवती हूं। इसके बाद भी नवीन व राहुल हमें धमकी देकर गए व कुछ देर बाद ही हवासिंह पुत्र रंगलाल, प्रेम पत्नी महेंद्र व मंजू पत्नी हवासिंह हाथों में लकड़ी डंडे लेकर हमें जान से मारने के लिए आ गए। हमने शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने आकर बीच-बचाव करवाया। पुलिस घटना के विषय में मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।




## एचडब्ल्यूसी पाली में मिट्टी भराव व दीवार की मरम्मत करवाने को लेकर सरपंच को लिखा पत्र

गरीबों का सितारा






**रैणी (अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के पाली गांव मे स्थित राजकीय स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र में भराव के लिए मिट्टी डलवाने के लिए टहटडा.पंचायत सरपंच रजनी देवी के प्रतिनिधी भगवान सहाय बोहरा व रैणी प्रधान प्रतिनिधी मीरा मांगे लाल मीना को तथा स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ अंकित गुप्ता को पत्र लिखा ' पत्र में बताया गया कि पाली एचडब्ल्यूसी मे पानी का निकास नही होने के कारण तथा इसका जमीनी स्तर रोड से नीचा होने के कारण बारिश का पानी एचडब्ल्यूसी मे भर जाता हैं जिससे भवन की दीवार भी ढह सकती है और गाव वालो को भी चिकत्सा सुविधा लेने के लिए आने जाने मे बहुत समस्या आती हैं तथा पानी भरा होने के कारण विभिन्न प्रकार की बिमारियाँ भी उत्पन्न होने का खतरा बना रहता है इसलिए इसमें मिट्टी डलवाकर ऊचा किया जाना बहुत जरुरी है और जो भी इसमे पेड़ पौधें है उनकी सुरक्षा भी जरुरी है और जो दीवार है उनकी भी मरम्मत होना बहुत ही जरूरी है इसके लिए जागरूक नागरिक व जिला महासचिव अलवर मनिष बोहरा के नेतृत्व मे ग्रामीण लोगो ने टहटड़ा सरपंच को तथा रैणी प्रधान सहित स्वास्थ्य विभाग को सीएचओ अंकित गुप्ता के द्वारा अवगत कराया है। जिला महासचिव मनिष बोहरा पाली के द्वारा जानकारी दी गई ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चिंतन

# रुपये में ग्लोबल ट्रेड को बढ़ावा देगी नई एफटीपी

भारत की आज एक अप्रैल से लागू नई विदेश व्यापार नीति नई वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मील का पत्थर साबित होगी। डॉलर पर वैश्विक निर्भरता को कम करने के लिए हाल में रूस व चीन ने चीनी मुद्रा युयान में विदेश व्यापार को बढ़ावा देने का सैद्धांतिक संकल्प लिया है। चीन लंबे समय से चाहता है कि कम से कम उसके मित्र देशों के साथ डॉलर के बदले उसकी मुद्रा में ग्लोबल ट्रेड हो, लेकिन डॉलर पर वैश्विक भरोसे के चलते चीन के प्रयास बौने साबित हो रहे हैं। चीन पर वैश्विक भरोसा भी कम है, पर अब रूस का साथ मिलने से चीनी सपने को पंख लग सकते हैं। हालांकि विश्व के जो हालात बन रहे हैं, उसमें अमेरिकी मनमानी के गंभीर परिणाम विकासशील व गरीब देशों को भुगतना पड़ रहा है। डॉलर पर निर्भरता के चलते कच्चे तेल समेत सभी आयात विकासशील व गरीब देशों के लिए कठिन से कठिनतर होते जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक स्तर पर कोई प्रचलित मुद्रा विकसित नहीं की। ऐसे में अब डॉलर का विकल्प जरूरी है। भारतीय थिंक टैंक को भी लगने लगा है कि ग्लोबल ट्रेड के लिए डॉलर पर निर्भरता कम होनी चाहिए और किसी अन्य मुद्रा के बजाय विश्व व्यापार में अपनी मुद्रा रुपये को बढ़ावा देना चाहिए। वैश्विक स्तर पर मजबूत मुद्राओं में रुपया भी शुमार है। नई व्यापार नीति में भारत ने रुपये में ग्लोबल ट्रेड को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है। यह अच्छी पहल है। कम से कम दो देशों के बीच ट्रेड एग्रीमेंट में रुपये में विनिमय आसानी से किया जा सकता है। अभी रूस के साथ कच्चे तेल के आयात के लिए भारत व रूस रुपये में विनिमय कर रहे हैं। केंद्र सरकार की तरफ से शुक्रवार को पेश की गई नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) का उद्देश्य देश के निर्यात को 2030 तक 2,000 अरब डॉलर तक पहुंचाना, भारतीय रुपये को वैश्विक मुद्रा बनाना और ई-वाणिज्य निर्यात को बढ़ावा देना है। नई एफटीपी का रुख प्रोत्साहन के बजाए छूट और पात्रता आधारित व्यवस्था को अपनाना है और निर्यातकों, राज्यों, जिलों तथा भारतीय दूतावासों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना, लेनदेन लागत घटाना एवं नए निर्यात केंद्र विकसित करना है। एफटीपी की खासियत है कि पहले विदेश व्यापार नीति पंचवर्षीय होती थी, लेकिन अब इसकी कोई समाप्ति तारीख नहीं होगी, इसमें जरूरत के मुताबिक परिवर्तन किए जाएंगे। यह एफटीपी नीति के स्तर पर निरंतरता प्रदान करेगी। इस एफटीपी में निर्यात वस्तुओं पर शुल्क और करों में छूट के लिए योजना शुरू की गयी है, डिजिटलीकरण पर जोर है, एफटीपी आवदेनों को स्वचालन प्रणाली के जरिए मंजूरी मिलेगी। वाणिज्य विभाग को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए इसका पुनर्गठन किया जाएगा। यह नीति ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देगी और ई-कॉमर्स एंड एक्सपोर्ट हब जैसे उभरते एरियाज पर फोकस करेगी। ई-वाणिज्य निर्यात को व्यापार नीति के सभी लाभ मिलेंगे। कूरियर सेवाओं के माध्यम से निर्यात के लिए मूल्य सीमा 5 लाख रुपये प्रति खेप से बढ़ाकर 10 लाख रुपये की गई। दोहरे उपयोग वाले उत्पादों के निर्यात को व्यवस्थित किया जाएगा। विदेशों में भारतीय दूतावास तथा विदेश मंत्रालय विभाग के साथ मिलकर काम करेंगे। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में लेनदेन रुपये में करने का रास्ता खुलने से भारत को बहुत फायदा होगा। भारत ऐसे देशों के साथ भारतीय मुद्रा में व्यापार करने को तैयार है जो डॉलर की कमी या मुद्रा की विफलता का सामना कर रहे हैं। यह मौका है।



जिरहनामा

कनक तिवारी

अहमदाबाद में साबरमती आश्रम गांधी ने जनता का नैतिक चरित्र निथारने के लिए बनाया। कुछ कारणों से कसम भी खाई कि जब तक देश आज़ाद नहीं होगा, साबरमती आश्रम नहीं लौटेंगे। अब पांच, सात सितारा पर्यटक केन्द्र के रूप में सरकारी हुक्म से उसकी तासीर बदली जा रही है। सादगी पसंद गांधी की छाती पर मनोरंजन की दुनिया इठलाएगी। सैरसपाटा और हलचल को पनाह मिलेगी। वहां गांधी की यादों की आत्मा तक की हत्या हो सकेगी। इतिहास को यह भ्रम था कि गांधी के शिष्य पीढ़ी दर पीढ़ी उनके रास्ते पर सादगी, किफायत और मजबूती से चलेंगे।

# बापू तुम कितना सहते हो !

सुभाष बोस ने ही अपने राजनीतिक मतभेदों के बावजूद गांधी को राष्ट्रपिता कहा था। गांधी के लिए तमाम संबोधनों में यह संबोधन उनकी शख्सियत पर स्थायी रूप से चस्पा हो गया है। आज़ादी की लड़ाई में गांधी से बड़ा सिपहसालार कोई नहीं है। आज अजूबा है कि योग की आड़ में व्यापारी हो गए एक ने प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्रऋषि कह दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति रहते डोनाल्ड ट्रंप ने मोदी के लिए राष्ट्रपिता का सम्बोधन इस्तेमाल किया। किसी ने आपत्ति नहीं की। बीसवीं सदी के सबसे नामचीन वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टाइन ने गांधी के लिए कहा था आने वाली पीढ़ियां कठिनाई से भरोसा करेंगी कि हाड़ मांस का ऐसा इंसान धरती पर आया भी होगा। गांधी केवल परिचित, प्रसिद्ध या लोकप्रिय नहीं हुए। वे भारत के माहौल में सबसे ज़्यादा व्याप्त हैं। दुनिया में सहस्त्राब्दी के नायक भी प्रचारित हो गए हैं। उनसे प्रेरणा लेकर दुनिया के कई देषों में नागरिक आंदोलन होते हैं।

कई देशों में उनकी मूर्तियां और स्मारक हैं। उनके रास्ते पर चलते कई नेताओं को जेल यातनाएं और शहादत भी हासिल हुई। हिन्दुस्तान में गांधी के साथ वह हुआ और होता रहता है, जो नहीं ही होना चाहिए था। उनकी सक्रियता के दौरान उन्हें खारिज करते नेताओं की लंबी सूची है। घोषित गुरु गोपाल कृष्ण गोखले, प्रिय शिष्य जवाहरलाल नेहरू, उनकी सिफारिश पर संविधान सभा में लाए गए डा. अम्बेडकर और श्यामाप्रसाद मुखर्जी, अहिंसा की समझाइश के बावजूद हिंसा से विरत नहीं होते विनायक दामोदर सावरकर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिन्दू महासभा के कई कर्णधार, हिन्दू मुस्लिम इत्तिहाद की उनकी कोशिशों के बावजूद मोहम्मद अली जिन्ना, अंगरेज वाइसराय और प्रधानमंत्री, क्रांतिकारी भगतसिंह और साथी और न जाने कितने लोग गांधी के हमख्याल नहीं रहे। मरते मरते भी गांधी को इतनी जिल्लतें उठानी पड़ीं कि भारत विभाजन के फैसले से निराश होकर बंगाल में कलकत्ता और नोआखाली साम्प्रदायिक दंगों से जूझने चले गए। उनकी त्रासद मौत ईसा मसीह की सलीब की याद दिलाती है। आश्रम जैसी शांति में समाज-धार्मिक प्रार्थना करने के वक्त छाती पर गोलियां दागकर नाथूराम गोडसे ने उनकी हत्या कर दी। फिर भी उनके मुंह से 'हे राम' ही निकला। हत्यारे गोडसे के मन्दिर बनाए गए। वहां लोकतंत्र के संविधान पुरुष मत्था टेकने जाते हैं। पूरी जिन्दगी उपेक्षित बनाए गए गांधी का स्मारक दिल्ली के राजघाट में सरकार ने बनाया। रस्मअदायमी का षोषा छोड़ा जाता है। जब कोई विदेशी राजनयिक भारत आए। उसे सरकारी तौर पर राजघाट के दर्शन कराए जाते हैं। वहां लेकिन गांधी की आत्मा तो गुम है। पत्थरों पर केवल उनका नाम खुदा है। कांग्रेस पार्टी से गलबहियां और खुट्टी दोनों करते उन्होंने उसे अपने खून पसीने से सींचा। वे ज़न्दिगी के आखिरी दिन भी कांग्रेस का नया संविधान लिखकर ही गए। कांग्रेस के उनके चेले चपाटियों ने भी उनके नाम से तौबा ही कर ली। अनिवार्य खादी पहनने और नशा नहीं करने की शर्तें उलटकर अनिवार्य नशा करने और खादी नहीं पहनने का दस्तूर कांग्रेस के बियाबान में तैरने लगा। उनकी हत्या के तीन साल पहले सबसे प्रिय शिष्य



जवाहरलाल नेहरू ने कड़ी चिट्ठियां उनको लिखीं जिन्हें पढ़ने से मन कसैला होने लगता है।

अहमदाबाद में साबरमती आश्रम गांधी ने जनता का नैतिक चरित्र निथारने के लिए बनाया। कुछ कारणों से कसम भी खाई कि जब तक देश आज़ाद नहीं होगा, साबरमती आश्रम नहीं लौटेंगे। अब पांच, सात सितारा पर्यटक केन्द्र के रूप में सरकारी हुक्म से उसकी तासीर बदली जा रही है। सादगी पसंद गांधी की छाती पर मनोरंजन की दुनिया इठलाएगी। सैरसपाटा और हलचल को पनाह मिलेगी। वहां गांधी की यादों की आत्मा तक की हत्या हो सकेगी। इतिहास को यह भ्रम था कि गांधी के शिष्य पीढ़ी दर पीढ़ी उनके रास्ते पर सादगी, किफायत और मजबूती से चलेंगे। उनके एक सियासी शिष्य लोहिया ने कटाक्ष किया था कि मठी और कुजात शिष्य ही गांधी को डुबाएंगे। देश में गांधी की हज़ारों कुरूप मूर्तियां नहीं होतीं तो बेहतर था। लोग हिंसक होकर आपस में लड़ते हैं। गुस्सा गांधी की यादों और मूर्तियों पर निकालते हैं। मौजूदा निज़ाम ने तो उन्हें काबिल समझते शौचालयों का प्रहरी बना दिया। इतना ही गांधी देश की काबू और समझ आया है। उनके आत्मालय तक की यात्रा भारतीय नहीं करना चाहते। उन्हें समझने की कोशिश में इतिहास ग़ाफिल, संदेही और परेशान होता रहता है। हालिया केजरीवाल नाम का एक अप्रत्याशित राजनीतिक धूमकेतु का भी उदय हुआ है। उन्होंने अपनी सरकार बनाने पंजाब में अपनी पार्टी की सफलता देखकर पूरी बेअदबी से गांधी की लगी हुई तस्वीर हटा दी। गांधी-भक्त भी इस पर चुप रहे। सावरकर को हिंसा विरत करने की मुहिम में ही गांधी लंदन तक गए थे।

समझा नहीं पाने की निराशा में उन्होंने 'हिन्द स्वराज' नाम की अमर किताब लिख दी। आज के कांग्रेसियों ने 'हिन्द स्वराज' और उनकी 'आत्मकथा' को छू लेना भी गवारा नहीं समझा। युवा गांधी बैरिस्टर थे, तब दक्षिण अफ्रीका में प्रथम श्रेणी का टिकट होने के बावजूद उन्हें अंग्रेज़ सार्जेन्ट ने उठाकर सामान की तरह पीटर मेरिट्सबर्ग के स्टेशन पर फेंक दिया था। तब केवल भविष्य ने देखा कि अपमानित गांधी की आंखों से वह ज्योति निकली जिसने अंग्रेजी हुकूमत की हिन्दुस्तान से रुखसती का उद्घोष कर दिया। आज़ादी की लड़ाई में गांधी ने जनता से कई वायदे किए। जब देश का संविधान बना तो अंगरेज़परस्ती के प्रभाव में नेहरू, अम्बेडकर, पटेल जैसे संविधान नियंताओं ने गांधी को अपनी बहस बल्कि जेहन से बेदखल कर दिया। न पंचायती राज आया, न हिन्दुस्तानी सरकार की ज़बान पर चढ़ी।

कहा था गांधी ने कि साठ बरस के बाद राजनेता को कोई सरकारी पद नहीं देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सुविधानुसार साठ की बजाय पचहत्त बरस कर करते आडवाणी आदि को रिटायर कर दिया। अगले लोकसभा के चुनाव तक उस मर्यादा को शायद अस्सी बरस कर दें! गांधी तब भी चुप रखे जाएंगे। हालिया हुए किसान आंदोलन में अलबत्ता गांधी की आत्मा को किसानों ने जिन्दा करने की कोशिशें कीं। इसी जद्दोज़हद में वह पहला आंदोलन हुआ जो साल भर चला और सरकार को झुकना पड़ा। गांधी के लिए कांग्रेस तकनीकी पार्टी के तौर पर थी। असल में गांधी वहां आते जाते रहते थे। उस पार्टी परंपरा के उत्तराधिकारी राहुल गांधी के पीछे चलते महात्मा की ओर जाने की सोच भी नहीं पाते हैं। अब तो जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेन्ट गवर्नर ने कह दिया है कि बैरिस्टर गांधी के पास कानून की डिग्री तक नहीं थी। फिर भी विरोध कांग्रेसी तो क्या वकीलों के संगठन भी नहीं कर पा रहे हैं। दुनिया के इतिहास में कोई नियंता अपने देश में इस तरह बेगैरत नहीं किया गया है। पाकिस्तान की खराब हालत में भी कायदे आज़म जिन्ना वहां आज भी सर्वोपरि हैं। रूस में कॉमरेड लेनिन, चीन में माओ त्से तुंग और वियतनाम में हो ची मिन्ह और इस कद काठी के कई राष्ट्र नेता अपनी जनता के आंख के तारे हैं। गांधी को लेकिन भारत में गरीब आदमी की करुणा की आंख के आंसू समझकर गुमनामी की धरती पर टपका दिया गया है।



## 1 अप्रैल : मूर्ख दिवस


योगेश कुमार गोयल

# तनाव से मुक्ति का मार्ग शिष्ट व शालीन हास्य

विश्वभर के लगभग सभी देशों में पहली अप्रैल का दिन 'फूल्स डे' अर्थात 'मूर्ख दिवस' के रूप में ही मनाया जाता है। कोई छोटा हो या बड़ा, इस दिन हर किसी को जैसे हंसी-ठिठौली करने का बहाना मिल जाता है और लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने की चेष्टा करते नजर आते हैं। ऐसी असत्य और मनगढ़ंत कल्पनाओं को ही यथार्थ का रूप देकर, जिन पर कोई भी आसानी से विश्वास कर सके, किसी तरह का नुकसान पहुंचाए बिना लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने का प्रयास करते हैं और प्रायः बहुत चतुर समझे जाने वाले व्यक्ति भी मूर्ख बन जाते हैं। शायद यही कारण है कि इस दिन चाहे कोई किसी का कितना ही विश्वासपात्र क्यों न हो, मस्तिष्क में यह बात विराजमान रहती है कि कहीं यह हमें मूर्ख तो नहीं बना रहा! कई बार होता यह भी है कि लोग कोशिश तो करते हैं दूसरों को मूर्ख बनाने की, लेकिन इस कोशिश में खुद ही मूर्ख बन जाते हैं और जब ऐसा होता है तो वाकई बड़ा मनोरंजक माहौल बन जाता है। कभी-कभी तो इस दिन सैंकड़ों-हजारों की संख्या में भी लोग एक साथ 'मूर्ख' बनते देखे गए हैं। वैसे कभी-कभार इस अवसर पर ऐसे दिलचस्प मामले भी सामने आते रहे हैं, जब लोग इस दिन सच्ची खबर पर भरोसा नहीं करके भी 'अप्रैल फूल' बन गए और बाद में बहुत पछताए। ऐसा ही एक वाकया 2015 में न्यूजीलैंड में सामने आया था, जब वहां के एक बड़े अखबार 'न्यूजीलैंड हेराल्ड' में दुनिया की विख्यात कार निर्माता कम्पनी बीएमडब्ल्यू ने 'अप्रैल फूल्स डे स्पेशल ऑफर' का विज्ञापन दिया। विज्ञापन में कम्पनी की ओर से दावा किया गया कि जो भी व्यक्ति इस विज्ञापन के साथ छपे कूपन को लेकर इस दिन सबसे पहले कम्पनी के शोरूम पहुंचेगा, उसे उसकी किसी भी पुरानी कार के बदले बिल्कुल नई बीएमडब्ल्यू कार दी जाएगी। लोगों ने इस विज्ञापन को कार निर्माता कम्पनी का अप्रैल फूल बनाने का हथकंडा समझा। टियाना मार्श नामक एक महिला अपनी किस्मत आजमाने की सोचकर अपनी 15 वर्ष पुरानी कार लेकर कम्पनी के शोरूम पहुंच गई। शोरूम में पहुंचने वाली वह एकमात्र व्यक्ति थी और वहां पहुंचकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब उसे उसकी खटारा कार के बदले वाकई 50 हजार डॉलर वाली चमचमाती बीएमडब्ल्यू कार की चाबी कम्पनी द्वारा सौंप दी गई।

वैसे 1 अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' के रूप में मनाए जाने का कारण यही माना जाता रहा है कि पुराने जमाने में चूंकि नए साल की शुरूआत 1 अप्रैल से ही होती थी, अतः लोग इस दिन को हंसी-खुशी गुजारना चाहते थे ताकि उनका पूरा साल हंसी-खुशी बीते। लोगों की इसी धारणा के चलते 1 अप्रैल को 'हास्य दिवस' के रूप में मनाने की परम्परा शुरू हुई थी लेकिन धीरे-धीरे लोगों का उत्साह इस दिवस के प्रति कम होने लगा तो कुछ लोगों ने इस दिन कृत्रिम हास्य के जरिये दूसरों को बेवकूफ बनाना शुरू कर दिया। लोगों को भी यह अंदाज इतना पसंद आया कि इस परम्परा ने धीरे-धीरे 'मूर्ख दिवस' का रूप ले लिया। 'अप्रैल फूल' बनाने की पश्चिमी देशों में शुरू हुई यह परम्परा भारतीय संस्कृति में कब और कैसे प्रवेश कर गई, पता ही नहीं चला लेकिन भले ही इस परम्परा पर पाश्चात्य संस्कृति का रंग बहुत गहरा चढ़ा है पर यदि हम इस परम्परा में निहित उद्देश्यों को गहराई में जाकर देखें तो गौरवशाली भारतीय संस्कृति के आधार पर भी यह परम्परा गलत नहीं ठहराई जा सकती क्योंकि आज की भागदौड़ भरी अस्त-व्यस्त सी जिन्दगी में इस दिवस के बहाने साल में सिर्फ एक दिन ही सही, व्यक्ति को खिलखिलाकर हंसने का मौका तो मिलता है। 'मूर्ख दिवस' मनाने की परम्परा की पृष्ठभूमि में संभवतः व्यस्त जिंदगी में मानव मन को कुछ पल का सुकून प्रदान करने की प्रवृति ही समायी है लेकिन इसके साथ-साथ इस मौके पर इस बात का ध्यान रखा जाना भी अत्यंत आवश्यक है कि सभ्य मजाक के जरिये किसी को कुछ समय के लिए मूर्ख बनाकर मनोरंजन करने का दिन है। अप्रैल फूल के बहाने जानबूझकर किसी के साथ ऐसा कोई मजाक नहीं किया जाना चाहिए, जिससे उसकी भावनाओं को ठेस पहुंचे या उसका कोई अहित अथवा नुकसान हो। मूर्ख दिवस की आड़ में किसी से अपनी दुश्मनी निकालने या अपने किसी अपमान का बदला लेने की चेष्टा भी नहीं होनी चाहिए। शुद्ध हास्य वैसे भी तनाव से मुक्ति प्रदान करने के साथ-साथ मन में आपसी प्रेम भाव तथा भाईचारे की भावना का संचार भी करता है और शुद्ध हास्य से सराबोर माहौल और भी खुशनुमा बन जाता है। ऐसे में इस दिवस की प्रासंगिकता आज के तनाव व घुटन भरे माहौल में बहुत बढ़ जाती है।

## जानिए क्या है आत्मा की अस्वस्थता के कारण?



संकलित

दर्शन

हम लोगों के लिए पांच तरह का स्वास्थ्य जरूरी है। ये हैं शरीर, परिवार, समाज, मन और आत्मा का स्वास्थ्य। इनके अस्वस्थ रहने के कारण हैं- मोह, संशय, संदेह, शंका और भ्रम। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि उसे बहुत भोग न दिए जाएं। शरीर का महत्व समझ लेना चाहिए। ये बड़ा वरदान है ईश्वर का। बहुत बड़ा उपहार है। वह स्थूल रूप में स्वस्थ रहे, यह आवश्यक है। तथागत बुद्ध कहते है अष्टांग योग से शरीर स्वस्थ्य रहेगा। तन तंदुरुस्त रखने के लिए सम्यक आहार जरूरी है। बुद्ध कहते है सम्यक व्यायाम भी जरूरी है। तीसरा बुद्ध का नहीं, महर्षि रमण का सूत्र है, और वह है कम बोलना। आदमी जितना बोलता है, उतना शरीर दुर्बल होता है। जितना जरूरी है, उतना ही बोलना चाहिए। यानी, सम्यक बोला जाए, वरना शरीर अस्वस्थ होगा।असीम विहार, असीम व्यवहार, असीम आहार- इससे शरीर बिगड़ता है। इनके अलावा जिन पांच से शरीर बिगड़ता है, वे हैं- दूसरों पर शंका, संदेह, संशय, मोह और भ्रम। ये सबके समापन की व्यवस्था मानस ने दी है- सदगुर मिलें जाहिं जिमि संसय भ्रम समुदाइ। आप कथा सुनते हैं, सत्संग करते हैं, मैं गाता हूं, ये सब अच्छा लगता है। हम सुख पा रहे हैं। यह सबका अनुभव है, लेकिन हम केवल इसी में गिरफ्तार न हो जाएं। हमारा परिवार के प्रति भी उत्तरदायित्व है। हम सुख पा रहे हैं तो उन्हें भी सुख दीजिए। परिवार में यदि कोई महारोग का भोग बन जाए तो हमारे शरीर पर भी असर होता है।

## गरुड़ पुराण क्यों पढ़ना चाहिए ?




संकलित

प्रेरणा

गरुड़ पुराण वेदव्यास जी द्वारा लिखित एक पुराण है। और व्यासजी ने 18 पुराण लिखे हैं। इसमें गरुड़ पुराण भी शामिल है। यह पुराण वैष्णव संप्रदाय के मुख्य पुराणों मे से एक है। 18 पुराणों मे से गरुड़ पुराण एक विशेष स्थान रखता है। गरुड़ पुराण मानव जीवन का कल्याण है। कहते है गरुड़ पुराण पढ़ने से व्यक्ति सारे सुखो को भोगता है। गरुड़ पुराण पढ़ने से व्यक्ति मोक्ष का भागिदार बनता है। गरुड़ पुराण को पढ़ने से, आपकी आत्मा को यह ज्ञान मिलता है कि आपको कैसे कर्म करना चाहिए और कैसे कर्म नहीं करना चाहिए। गरुड़ पुराण पढ़ने से कहते है,व्यक्ति मृत्यु के बाद भटकता नहीं और उसे सदगति प्राप्त होती है। गरुड़ पुराण में बुरे कर्म करने पर मृत्यु के बाद आत्मा को मिलने वाली सजाओ का घोर वर्णन किया गया है। यदि आप गरुड़ पुराण में बताए गए कष्टों को भोगना नहीं चाहते हैं, तो आपको अच्छे कर्म करने चाहिए। यह सब का वर्णन गरुड़ पुराण में विस्तार से बताया गया है। इसमें ८४ नरक का जिक्र किया गया है। जो व्यक्ति मृत्यु के पश्चात भोगता है। माया के कारण जीव के हृदय में घोर अंधकार भरा रहता है। अतः जीव माया बंधन की गांठे सुलझाने में असक्षम सिद्ध होता है। जिसके लिए लंबी साधना करनी पड़ती है। भक्ति मार्ग में चलने से काम, क्रोध, लोभ, मोह और मात्सर्य के कीट पतंग जलकर भस्म हो जाते हैं। इसी ज्ञान द्वीप के प्रकाश में जब जीव को सहसा यह अनुभूति होती है कि वो स्वयं ब्रह्म है, वो सांसारिक बंधन से मुक्त हो जाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नफरती भाषणों पर रोक लगाए सरकार

सर्वोच्च न्यायालय ने सही कहा है कि राजनीति में धर्म का इस्तेमाल बंद करने पर ही नफरती भाषण रुकेंगे, किंतु जनता को ऐसा नहीं लगता है कि राजनीतिक दल राजनीति में धर्म का इस्तेमाल करने से पीछे हटेंगे। यदि राजनीतिक दल सर्वोच्च न्यायालय की इस बात से सहमति रखते हैं और पालन करते हैं तो यह एक सराहनीय कदम होगा, और यदि पालन नहीं करते हैं तो न्यायपालिका को ही वांछित कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ सकता है। सरकार से अपेक्षा की जाती है कि वह नेताओं के नफरती भाषण पर त्वरित कार्रवाई करे और नफरती भाषण पर पाबंदी लगाए।

- मनोहर लाल देवांगन, बलौदाबाजार

## ट्रेंड

### बहुत अच्छा लगा



विशेष निमंत्रण पर देश भर से आदिवासी समुदायों सहित महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने अमृत उद्यान का दौरा किया। उनका राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया और उनसे बातचीत की। बहुत अच्छा लगा उनके अनुभव जानकर।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### शक्ति प्रदान करे



मेरी कामना है कि राष्ट्रीय समुद्री सप्ताह हमारे समृद्ध समुद्री इतिहास के साथ हमारे जुड़ाव को और गहरा करने का काम करे। यह विकास की दिशा में चल रहे प्रयासों और आर्थिक समृद्धि के लिए हमारे तटों का दोहन करने के लिए भी शक्ति प्रदान करे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सत्य का पता लग सके



यह प्रमाणित करना बहुत महत्वपूर्ण है कि कोई वास्तव में किसी संगठन से संबंध रखता है है या नहीं ताकि प्रतिरूपण से बचा जा सके। ट्विटर पर अपनी अलग पहचान बनाने का एक नया तरीका होना चाहिए, जिससे सत्य का पता लग सके।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### तैयार हो जाएं




धरती पर सबसे बड़ा क्रिकेट शो एक बार फिर से धमाकेदार वापसी कर रहा है। आईपीएल की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। आप भी तैयार हो जाए आईपीएल की अपनी पसंदीदा टीम का हौसला बढ़ाने के लिए।

-जहीर खान, क्रिकेटर




## करंट अफेयर


# बीजिंग के भारतीय सीमा पर उकसावे वाले कदम



अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी ने भारत के साथ निकटता से काम करने की अमेरिका की मंशा पर जोर देते हुए कहा कि बीजिंग ने भारत-चीन सीमा पर उकसावे वाले कुछ कदम उठाए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के उप सहायक एवं हिंद-प्रशांत मामलों के समन्वयक कर्ट कैंपबेल ने वाशिंगटन स्थित एक थिंक-टैंक से कहा, 'हमें उस भूमिका को समझने की जरूरत है जो भारत वैश्विक मंच पर एक महान राष्ट्र के रूप में निभाएगा।' कैंपबेल ने कहा, 'हम इसे प्रोत्साहित करना चाहते हैं और इसका समर्थन करना चाहते हैं। हम उस रिश्ते को और गहरा करना चाहते हैं, जो पहले से ही बहुत मजबूत है। दोनों देशों के लोगों के आपसी संबंध अमेरिकी लोगों के वैश्विक स्तर पर अन्य देशों के लोगों से संबंधों की तुलना में सबसे मजबूत हैं..' थिंग टैंक 'सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी' ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत-चीन सीमा पर घुसपैठ तथा झड़पों की घटनाएं बढ़ गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत एवं चीन के बीच सीमा को लेकर शत्रुता की बढ़ती आशंका का अमेरिका पर और इन दो एशियाई दिग्गजों के बीच उसकी हिंद-प्रशांत रणनीति पर असर पड़ता है।

## ऑफ बीट

# ममी का सार्वजनिक प्रदर्शन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक



मेक्सिको सरकार के विशेषज्ञों ने कहा है कि वे 1800 के दशक की कुछ ममी को जगह-जगह ले जाकर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किए जाने का आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका से चिंतित हैं। ममी ऐसे शव होते हैं जिन्हें रसायनों की मदद से संरक्षित किया जाता है। इसके अलावा गुआनाजुआटो राज्य में खनिज संपन्न सूखी मिट्टी में दफनाये गये कुछ शव भी प्राकृतिक रूप से सुरक्षित हो जाते हैं। मेक्सिको के इस राज्य में प्राकृतिक रूप से ममी बनने वाले बरसों पुराने कई शव ऐसे हैं, जिन पर अब भी बाल, कठोर त्वचा और मूल कपड़े हैं। हालांकि ये शव ममी कैसे बने, इसके बारे में कोई निश्चित जानकारी नहीं है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि ये प्राकृतिक रूप से संरक्षित हो गये, तो कुछ का कहना है कि जलवायु और खनिज लवण युक्त मिट्टी के कारण ऐसा होता है। कुछ जानकारों ने यह तर्क भी दिया है कि शवों को जमीन के नीचे बनाये गये तहखानों (क्रिप्ट) में रखने की वजह से ये सुरक्षित हैं। देश के राष्ट्रीय मानव विज्ञान एवं इतिहास संस्थान ने एक बयान में बताया कि इनमें से एक ममी में फफूंद लगती प्रतीत हो रही है, जिससे लोगों के संक्रमित होने की आशंका है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## माली खेड़ा में भजन संध्या हुई व 108 कलशों के साथ शोभायात्रा निकली



गरीबों का सितारा

**धनोप/ राजेश शर्मा।** ग्राम पंचायत धनोप के माली खेड़ा मगनपुरा में एक शाम तेजाजी महाराज के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन गुरुवार रामनवमी को किया गया। पूरे माली खेड़ा गांव में बैंड बाजे संग सुबह 9 से 11 बजे तक 108 कलशो के साथ कलश यात्रा निकाली गई। सामूहिक प्रसादी का आयोजन भी हुआ।

## खबर से विचलित होकर पत्रकार को डराने के लिए नगरपालिका के रिटायर कर्मचारियों को भेजा

गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा शाहपुरा।** कस्बे में नगर पालिका द्वारा संचालित टॉय ट्रेन की लागत को लेकर नगर पालिका द्वारा गुमराह किए जाने पर पत्रकार प्रह्लाद तेली द्वारा शुक्रवार 31 मार्च को गरीबों का सितारा अखबार में खबर प्रकाशित की गई खबर से विचलित होकर अधिकारियों ने एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने रिटायर नगरपालिका कर्मचारी लतीफ मोहम्मद एवं रामलाल धाकड़ को बिना किसी सरकारी आदेश के पत्रकार को डराने के लिए उसके निवास पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए अनाधिकृत बिना इजाजत के मकान में भूखंड में जबरदस्ती प्रवेश करते हुए फीते से नापने लगे पत्रकार ने इस आशय की जानकारी जिले के एवं संभाग के उच्च अधिकारियों को मोबाइल से दी और पुलिस स्टेशन जाकर लिखित में रिपोर्ट दर्ज करवाई पुलिस मामले की जांच कर रही है

## खरखडी चावड सिंह मे स्व.कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्य तिथि मनाई

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर की रैणी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बीलेटा के गांव खरखडी चावड सिंह में स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई कजिसमें बीलेटा सरपंच नवल किशोर गुर्जर ने बैंसला कि जीवनी पर प्रकाश डाला गया कइस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने बैसला के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ' जिनमें बिलेटा सरपंच नवल किशोर गुर्जर , सुरेन्द्र शर्मा , धीरेन्द्र सिंह , महेन्द्र शर्मा , हरिराम पटेल , अंतरसिंह , श्रीराम गुर्जर , रमेश,खुबीराम गुर्जरबास , प्रसादी गुर्जर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## साहू महिला सेवा संगठन, जयपुर ने सजाई दीपों की माला

गरीबों का सितारा



**जयपुर।** रामनवमी महापर्व पर साहू महिला सेवा संगठन ने एक बार फिर समस्त साहू समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया। समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं ने अपने घरों में दीप जलाकर हर्षोल्लास के साथ हम सभी के आराध्य दशरथ नंदन और कौशल्या के दुलारे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव ( रामनवमी महापर्व ) मनाया। इस शुभ अवसर पर संगठन ने देश, समाज और प्रत्येक परिवार की मंगल कामना करते हुए समाज में एकता, भाईचारा और परस्पर सहयोग की भावना को बढ़ाने एवं मजबूत करने का महत्त्वपूर्ण सन्देश दिया।

## 11 हजार केवी लाइन का टूटा तार

### तार की चपेट में आने से बकरी की हुई मोत



गरीबों का सितारा

**गुरला/ बद्री लाल माली।** ग्राम पंचायत गुरला अंतर्गत गांव गाडरी खेड़ा में आज 11 हजार केवी विद्युत लाइन का तार टूटने पर उसकी चपेट में आने से एक बकरी की दर्दनाक मौत हो गई। । अचानक घटी घटना से पीड़ित परिवार काफी दुःखी और परेशान है। प्राप्त विवरण के अनुसार आज शाम को अचानक बारिश आने के साथ ही पेड़ गिरने से तार टुट गया और बकरी पर गिर गया जिससे बकरी की मौके पर ही मौत हो गयी ' गाडरी खेड़ा निवासी देवीलाल गाडरी की एक बकरी, करटं की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोगों द्वारा घटना की जानकारी विद्युत विभाग को दी गई। जिससे तत्काल विद्युत की सप्लाई बंद करवाई गई। सूचना मिलते ही लाईन मेन तेजपाल मोके पर पहुचे।

# डोरोली पंचायत मे जिला कलेक्टर के निर्देशन मे खोले गए अवरुद्ध रास्ते

### रास्ता खोलो अभियान के तहत खोले गए अवरुद्ध रास्ते





### टोडा ज्ञान सिंह गांव की स्कूल बाउन्ड्री मे हो रहे अतिक्रमण को भी हटवाया

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत-डोरोली मे अलवर कलेक्टर डा. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन मे शुक्रवार को रैणी प्रशासन द्वारा रास्ता खोलो अभियान के तहत अवरूद्ध रास्तो को खुलवा कर गौरव बेटी पट्टिका लगवाई गई। ग्राम लालका मे पीडब्लूडी रोड से काटवाडी सीमा की और जाने वाले रास्ते (खसरा नम्बर-124) गैर मुमकिन को खुलवाकर प्रतिभावन बेटी रेखा गुर्जर और कुमकुम नरुका बेटियो के नाम की पट्टिका लगाई गई। इसी तरह से टोडा ज्ञान सिंह स्कूल मे हो रहे अतिक्रमण को हटवा कर रैणी प्रशासन द्वारा राजगढ पुलिस प्रशासन की मौजूदगी मे स्कूल की अधूरी पड़ी बाउण्ड्री के काम को चालू कराया।इस दौरान रैणी एसडीएम रिया डाबी व रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर तथा नायब तहसीलदार राम खिलारी मीना और पटवारी शकुन्तला , पटवारी गोपाल लाल कोली , कानून गो व ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र चौधरी तथा राजेंद्र मीना एलडीसी सहित वार्ड पंच तथा राजगढ एसएचओ व अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी डोरोली पंचायत सरपंच प्रतिनिधी छज्जू गुर्जर के द्वारा दी गई है।

## धनोप माता मेला समाप्त,भक्तों को ज्वारा वितरण किया गया



गरीबों का सितारा

**धनोप/ राजेश शर्मा।** शक्तिपीठ धनोप माता मंदिर परिसर में अमावस्या मंगलवार से चल रहे 11 दिवसीय मेले का समापन शुक्रवार दशमीं को ज्वारा विसर्जन के साथ हुआ। दशमीं शुक्रवार को दोपहर 12:15 विधि विधान के साथ पंडित शिव शर्मा डोंहरिया ने अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राणावत व पुजारी रामप्रसाद पंडा के सानिध्य में पूजा-अर्चना की। पुजारी रामप्रसाद पंडा द्वारा समापन आरती के साथ ज्वारा वितरण कर मेले का समापन किया गया। नवरात्र में चल रही अखंड ज्योत में शुद्ध करने के लिए दिए गए चौकी, मादलिया को पुजारी ने भक्तों को वापस लौटए। वही भैरवनाथ के बाहरी हवाओ का शिकार हुए पीड़ित भक्तों ने नवरात्रा में दोनों समय सुबह-शाम आरती में हाजिरी



दी उनका भी समापन आरती के बाद उतारा हुआ। नवरात्रि में 9 दिन नवरात्रा करने वाले मंदिर परिसर में रुके श्रद्धालु वापस अपने निवास स्थान पहुंचे।मंदिर परिसर में मेला समापन के बाद सन्नाटा छाया बाहर से आये हुए अस्थाई दुकानदार भी अपनी दुकानों को समेट वापस लौटे।

दागदार बनता क्षेत्र...

# बहरोड़ में बेखौफ फल-फूल रहा जिस्मफरोशी का कारोबार

### पुलिस की ओर से वर्तमान में अनदेखा किया जा रहा

गरीबों का सितारा

**बहरोड़, वी. पी. मीणा।** कस्बे सहित नेशनल हाइवे पर विभिन्न होटलों में देहव्यापार का कारोबार तेजी से फैल रहा है। सूत्रों के अनुसार कस्बे के एक निजी लाइब्रेरी भवन में देहव्यापार का कारोबार बिना डर भय के चला रहे हैं। वहीं नेशनल हाईवे पर होटलों में बड़ी मात्रा में कारोबार में लिप्त लड़कियां मौजूद रहती हैं। रात्रि 11 बजे के बाद कस्बे के मुख्य फ्लाईओवर सहित आसपास ठिकानों पर बड़ी मात्रा में धंधे में लिप्त महिलाएं देखने को मिलती हैं। बीते रविवार को रात्रि को मुख्य मार्ग फ्लाईओवर के पास बीकानेर मिष्ठान भंडार के सामने दर्जनभर लड़के और लड़कियां खुलेआम बदमाशी करते हुए नजर आ रहे थे। इस दौरान मुख्य मार्ग पर लगी रोड लाइटें बंद होने के कारण आसपास का नजारा सुनसान नजर आ रहा रहा था। अधिक जानकारी के लिए हमारे संवाददाता ने एक दलाल से जानकारी प्राप्त की, जिसमें सामने आया कि यह लड़कियां दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड सहित अन्य स्थानों से आती है। जिनमें कुछ लड़कियां घरवालों से रोजगार के लिए कह कर आती हैं। व कुछ लड़कियों को धोखा देकर यहां लाया जाता है। बहरोड में स्थानीय व बाहरी दलालों द्वारा यह कार्य पिछले वर्षों से चल रहा है। लेकिन पुलिस की ओर से वर्तमान में इन्हें अनदेखा किया जा रहा है।

सितारा न्यूज नेटवर्क EXPOSE सितारा न्यूज नेटवर्क

### पुलिस के जवान भी संलिप्त

पुलिस के कुछ जवान भी जिस्मफरोशी के इन अड्डों पर लुकते-छिपते जाते हैं। बावजूद समाज के नवयुवकों को गंदगी में ढकेलने वाले इस कारोबार पर अंकुश लगाने के बजाय कानून के रखवाले ही इसमें संलिप्त हो जाते हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर हायर सेकंडरी स्कूल के पास, कांकर दौपा फ्लाईओवर, इंद्रा कॉलोनी, हाइवे स्थित धर्मकांटे के पास के क्षेत्रों में देह व्यापार चलाया जा रहा है।

यह कार्रवाई डीएसपी लेवल के अधिकारी करेगा व जल्द ऐसे ठिकानों को चिन्हित कर कार्रवाई करेंगे। - **एसपी अनिल बेनीवाल**

## मुझरास टोल पर तकनीकी खामियों के चलते मासिक पास वालो की हो रही जेब खाली

### भीलवाड़ा-राजसमन्द एनएच 758 स्थित मुझरास टोल का हैं मामला

गरीबों का सितारा




**गुरला/ बद्री लाल माली।** भीलवाड़ा राजसमन्द राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 758 पर स्थित मुझरास टोल के आस पास के 20 किलोमीटर के दायरे में निवास करने वाले वाहन धारियों को टोल प्लाजा की तरफ से लोकल पास की सुविधा दे रखी हैं। इसी के साथ पास बनाने, रिचार्ज करने का व पास की अवधि समाप्ति का समय समय पर मेसेज भी दिया जाता रहा था। कारोई निवासी चार्टेड अकाउंटेंट मुझरास टोल प्लाजा से जारी पास के उपयोगकर्ता चन्दन समदानी ने बताया की बीते कुछ दिनों पहले जब से कम्पनी के मालिकाना हक में कुछ परिवर्तन हुआ है,उसी के साथ उनके सिस्टम में भी परिवर्तन हो गया हैं। कम्पनी अब धीरे धीरे टोल की राशि के साथ ही मासिक पास के रिचार्ज में वृद्धि कर रही हैं। कम्पनी के सिस्टम में हुए कुछ परिवर्तन के चलते अब पास भी उन्ही नियमों के तहत बनाये जा रहे हैं और रिचार्ज भी उसी तर्ज पर किये जा रहे हैं। ऐसे में अब उपभोक्ता के पास कोई मेसेज नही आता हैं इसी के साथ पास कब खत्म होने वाला हैं उसका भी कोई रिमाइंडर मैसेज नही आ रहा हैं। जिससे उपभोक्ता को यह पता नही चल पाता हैं कि उसका पास चालू हैं या खत्म हो गया हैं। चंदन समदानी ने बताया कि जब गाड़ी टोल से निकालता हूँ तब फास्ट टैग के सिस्टम द्वारा जब पैसा काट लिया जाता हैं तब पता चल पाता हैं की मासिक पास का रिचार्ज खत्म हो चुका हैं। इससे उपभोक्ता के लोकल पास होते हुए भी फास्ट टैग से अनावश्यक पैसे कट जाने से उपभोक्ता को परेशानी उठानी पड़ रही हैं। समदानी ने बताया की आजकल तो कम्पनी द्वारा जो पहले 3 माह तक के पास बनाए जाते थे उनको भी केवल 1 माह का कर दिया हैं। जिससे उपभोक्ता को हर माह ध्यान रखना पड़ रहा हैं। समदानी कहते हैं कि टोल कम्पनी या तो मेसेज सुविधा चालू करे या फिर मासिक पास का पैसा अकाउंट से ऑटोमेटिक काट कर रिन्यू करे । मासिक पास का रिचार्ज की भी ऑनलाइन सुविधा से ही करे ।कम्पनी की इन सभी खामियों के कारण ही लोकल आम जनता पर टोल का अतिरिक्त भार पड़ रहा हैं।

# भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान की एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

गरीबों का सितारा





**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर जिले मे भारतीय जनता पार्टी विधानसभा राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ की बूथ सशक्तिकरण अभियान की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राजगढ़ मंडल स्थित तुषार गार्डन में आयोजन हुआ। राजगढ़ मंडल अध्यक्ष एडवोकेट राहुल दीक्षित ने बताया कि कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने की व मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रोशन सैनी रहे। सर्वप्रथम भारत माता और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस प्रत्येक बूथ पर बनाया जाएगा ' ,12 अप्रैल को जन आक्रोश रैली का आयोजन अलवर में किया जाएगा और 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात का 100वा आयोजन 100 कार्यकताओं के साथ शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि रोशन सैनी ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर कार्य करने के लिए कहा और नमो वॉलिंटियर्स को बूथ सत्यापन व अन्य कार्य करने का टास्क दिया गया कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्रेमनाथ धामाणी, जिला महामंत्री रामअवतार चौधरी, शिवलाल मीणा ,एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीणा, भाजपा प्रत्याशी रहे विजय मीणा, सुनीता मीणा ,नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, राजगढ़ मंडल अध्यक्ष राहुल दीक्षित, लक्ष्मणगढ़ मंडल अध्यक्ष नरपत सिंह राजपूत, बिचगांव मंडल अध्यक्ष राम सिंह दिनकर , पिनान मंडल अध्यक्ष भजन लाल सैनी , रैणी मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा , माचाड़ी मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल मीणा , मंडल महामंत्री अजय यादव, रूप नारायण मीणा, विधानसभा विस्तारक संतोष बेरवा,पूजन सिंह अटल, मंडल प्रभारी महेंद्र चौधरी ,अनिल गाठोलिया, प्रदीप जैन, शक्ति केंद्र संयोजक प्रदीप शर्मा ,जितेंद्र सैनी, सुखराम मीणा ,महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना शर्मा ,कौशल प्रधान, किशनचंद बटवाड़ा ,रतन तिवारी, सुभाष शर्मा एडवोकेट, जितेंद्र शर्मा ,भूपेंद्र सिंह, रामगोपाल शर्मा ,महेश योगी, लक्ष्मीकांत शर्मा, दिनेश बंसल ,सतीश सैनी ,नंदकिशोर सैनी, सुरेश मीणा, सहित मंडल पदाधिकारी गण शक्ति केंद्र संयोजक प्रभारी व्वे नमो वॉलिंटियर्स मौजूद रहे। राजगढ से राजकुमार गुप्ता के द्वारा जानकारी दी गई।

## कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि पर गुर्जर समाज के लोगों ने दी श्रद्धांजलि



गरीबों का सितारा

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** शुक्रवार को बस्सी उपखंड क्षेत्र में गुर्जर समाज के कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि पर समाज के लोगों ने वीर गुर्जर समाज धर्मशाला बैनाडा बस्सी में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई ' इस दौरान गुर्जर समाज के लोगों ने कर्नल साहब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ' सभा में गुर्जर समाज के वरिष्ठ नेता रामकिशन नेता ने कर्नल साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि कर्नल कहते थे कि अच्छी शिक्षा ,अच्छा स्वास्थ्य, पढ़ी लिखी बहू, कर्ज मुक्त व संगठित समाज से ही देश आगे बढ़ता है इस दौरान गांव के बुजुर्गों ने व युवाओं ने कर्नल को याद करते हुए कर्नल अमर रहे कर्नल तेरी नेक कमाई तूने सूती कौम जगाई, जय जय कर्नल के नारे लगाए' श्रद्धांजलि सभा गुर्जर समाज के वरिष्ठ नेता रामकिशन नेताजी की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस दौरान वीर गुर्जर समाज धर्मशाला अध्यक्ष जगदीश बढ़िया, बद्री कसाना, राजाराम कसाना ,कृष्ण कसाना, गुरुजी धारा सिंह कसाना, रामचरण कसाना, पिंटू कसाना ,एडवोकेट सुरेश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण बुजुर्ग व युवा उपस्थित रहे।

# डाकघर में आधार पंजीकरण केंद्र पर आधार अपडेशन का कार्य चल रहा सुव्यवस्थित

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अजमेर रोड स्थित मुख्य डाकघर में संचालित आधार पंजीकरण केंद्र पर आधार अपडेशन का कार्य शुक्रवार को बहुत ही सुव्यस्थित चलता दिखाई दिया ' जिस तरह से उक्त आधार पंजीकरण केंद्र पर जो व्यवस्था देखने को मिली वो निसंदेह मुक्त कंठ से प्रशंसा करने योग्य है ' साथ ही किसी भी ऑफिस कार्यालय में कर्मचारियों के द्वारा अपने कार्य के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने की लगन ही उन्हीं लोगों के बीच लोकप्रिय बनाती है ' साथ ही उस विभाग के आला अधिकारी की कार्यशैली को भी दशार्ती है ' निसंदेह



कमलेश प्रजापत अधीक्षक डाकघर ब्यावर मंडल एक ऐसे अधिकारी है जो सदैव अपने कार्य के प्रति तत्पर दिखाई देते हैं वह स्वयं भी अपने कर्म के प्रति निष्ठा से युक्त है उनके अधीन कार्यरत कर्मचारी भी अपने कार्य के प्रति तत्पर दिखाई देते हैं सहायक डाकपाल महादेव प्रसाद मीणा के सुपरविजन में आधार पंजीकरण केंद्र में कार्यरत ग्रामीण डाक सेवक महावीर वैष्णव एवं दीपिका प्रजापत शुक्रवार को पूर्ण मेहनत , लगन और निष्ठा के साथ कार्य करते दिखाई दिए साथ ही आधार अपडेशन का कार्य त्वरित गति से परिलक्षित हो रहा था आधार अपडेशन के लिए आने वाले व्यक्ति भी आधार पंजीकरण केंद्र के इन दोनों कर्मचारियों के व्यवहार से काफी प्रभावित हुए किसी भी तरह से जल्दबाजी के तहत कार्य नहीं कर रहे थे अपितु आधार अपडेशन के लिए आने वाले ग्राहकों के साथ उनका व्यवहार सौम्य व मधुर दिखाई दिया।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

# अनुसूचित जाति जनजाति महापंचायत में ब्यावर से बहुसंख्यक लोग होंगे शामिल

गरीबों का सितारा

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** आगामी 02 अप्रैल को होने वाली अनुसूचित जाति जनजाति महापंचायत जयपुर में ब्यावर से अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी राजस्थान शाखा ब्यावर के विभिन्न समाज के समाज बंधु बसों तथा निजी वाहनों से जयपुर महापंचायत में भाग लेंगे ।सूरमा राम कतीरिया अध्यक्ष डॉ. अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी ने बताया कि 2 अप्रैल अधिकार दिवस महापंचायत में ब्यावर तथा ब्यावर क्षेत्र के विभिन्न समाज के प्रतिनिधि इस महापंचायत में भाग लेंगे । ब्यावर से अखिल राजस्थान मेघवंशी मेघवाल महासभा संस्था ब्यावर के तत्वधान में भी अधिक समाज बंधु इस महा पंचायत में भाग ले रहे हैं। 2 अप्रैल को प्रातः 5:00 बजे अंबेडकर सर्किल चांग गेट ब्यावर से निशुल्क बसें रवाना होंगी उक्त महापंचायत में अर्जुन राम दुखाडीया, रमेश तुनगारिया ठाकुरदास मेहरा, भगवान सहाय जारोडिया, हजारी लाल भाटी, नरेंद्र कटारिया, विनोद कुमार मंडल, बाबूलाल गुजरिया, मोहनलाल जनागल, गुरुशरण गोयल ,सोहनलाल मेहरा, मदनलाल जारोडिया, ताराचंद मकवाना, लक्की ,महेश ओलानिया, गोपीलाल धोदावत, मदन लाल कड़ेला गोपाल गहलोत नारायण लाल लेहवा अविनाश गोस्वामी कुंभाराम जोधावत भंवरलाल पलासिया तेजमल खरडीया धन्नालाल खोरवाल ईश्वर चंद तंवर मुकेश गोयल शशिकांत मैंहचंद हरिप्रसाद कडेला नारायण लाल मेहरा चिमना राम बालोटिया ईश्वर चंद छीत्रोलिया के आर बालोतिया राजनारायण बोकोलिया मीठठनलाल जोधावत सहित लगभग समस्त समाजों के सदस्य प्रतिनिधि जयपुर महापंचायत में भाग लेंगे।




# राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ लाभार्थी उत्सव



गरीबों का सितारा

**धौलपुर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में गुरूवार को लाभार्थी उत्सव को जयपुर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लाभार्थी संवाद कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के साथ मनाया गया जिसमें मुख्यमंत्री आमजन के हित में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से रूबरू हुए। प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ।इस दौरान जिला कलेक्टर अनिल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी साकेत बिहारी शर्मा, कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ,अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तौमर, उप जिला कलेक्टर धौलपुर अनूप सिंह, सीएमएचओ डॉ जयंतीलाल मीना, सीडीईओ कृष्णा कुमारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों तथा सैकड़ों लाभार्थियों की मौजूदगी रही।



# रींगस में कर्नल बैंसला को दी श्रद्धांजलि, युग पुरुष के रूप में किया याद



गरीबों का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के भैरुजी धाम पर गुर्जर समाज के द्वारा कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें भैरुजी मंदिर कमेटी अध्यक्ष हरिराम गुर्जर के नेतृत्व में गुर्जर समाज के युवाओं द्वारा कर्नल बैंसला को युगपुरुष के रूप में याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। गौरतलब है कि सामाजिक आंदोलन के जरिए अपनी आवाज बुलंद करने वाले गुर्जर समाज के नेतृत्वकर्ता स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला सदैव अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, पढ़ी-लिखी मां और कर्ज मुक्त समाज की नीतियों पर काम करते थे जिन की प्रथम पुण्यतिथि पर गुर्जर समाज के युवाओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके कहे हुए शब्दों छा जाओ और छाए रहो को याद किया। इस दौरान फूलचंद गुर्जर, मामराज गुर्जर, पप्पू राम गुर्जर, रामस्वरूप गुर्जर, अशोक, श्रवण कुमार, जगदीश प्रसाद, मोतीराम, मनोज, शंकर लाल गुर्जर, सुरेश, मोहनलाल आदि मौजूद थे।

# हर्षोल्लास से मनाया रामजन्मोत्सव



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** रामनवमी के पावन पर्व पर ग्राम निवारू में स्थित श्रीराम दरबार एवं बिलेश्वर महादेव के मन्दिर में श्रीराम जन्मोत्सव बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर यजमान सीताराम बोहरा और राजेश बोहरा मुरारी,महेश एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ग्राम वासियों ने श्री राम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

# फर्जी रशीद काट सदस्यता देने पर किसानों ने जताया विरोध

## क्रय विक्रय सहकारी समिति लक्ष्मणगढ़ का है मामला, एसडीएम के निर्देशन में जांच के लिए पहुंचे तहसीलदार

गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़(अलवर)।** क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. लक्ष्मणगढ़ में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा फर्जी रशीद काटकर सदस्यता देने पर शुक्रवार को कस्बे के किसानों ने विरोध जताया। एसडीएम के निर्देशन में नायब तहसीलदार ने पॉश मशीन व रशीद रजिस्टर को कब्जे में ले लिया। किसान मोहम्मद रफीक, नूतन शर्मा, इकबाल खान व मीना गुप्ता ने बताया कि क्रय विक्रय सहकारी समिति लि.लक्ष्मणगढ़ में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए समिति से पांच हजार या अधिक राशि का खाद व रसायन लेने वाले किसानों को समिति का व्यक्तिगत सदस्य बनाया जाना है।जो चुनाव में संचालन मण्डल के लिये मतदान करेंगे।सदस्यता की अंतिम तिथि शुक्रवार को थी। वही शुक्रवार की सुबह कस्बे के कुछ लोग सदस्यता के लिये रशीद कटवाने व खाद लेने के लिये पहुचे तो कुछ ही घंटों में दर्जनों रशीद कटी हुई मिली। फर्जी तरीके से रशीद काटने की आशंका से किसानों को शक होने पर पॉश मशीन की जांच की गई तो पॉश मशीन में भी नही चढ़ाना नही पाया गया। नाही इन रसीदों का भुगतान कैशियर के पास मिला। और बिना किसी किसान के ही रसीद तैयार करने की बात सामने आई। फजीर्वाड़े की सूचना मिलने के बाद कांग्रेसी नेत्री मीणा गुप्ता, इकबाल खान, इमरान खान, मेव समाज सदर छोटेलाल मास्टर, कांग्रेस नेता नूतन शर्मा, श्री सार्वजनिक पुस्तकालय अध्यक्ष रवि कुमार शर्मा, आसम खान, पूर्व सरपंच बच्चू तिवाड़ी, इमरान खान सहित दर्जनों की तादाद में किसान व गणमान्य नागरिक समिति पहुचे और विरोध कर मामले की जानकारी एसडीएम सुभाष यादव को दी। वहीं एसडीएम की सूचना पर नायब तहसीलदार मुकेश गोयल मौके पर पहुचे और लोगों के द्वारा दी गई शिकायत की जांच की। जांच में फर्जी रशीद तैयार करने की बात सामने आई।जिस नायब तहसीलदार ने पॉश मशीन व रजिस्टर को जप्त कर लिया। बाद में उन्होंने समिति के गोदामो की जांच की गई जिसमें खाद पूरा मिला।लोगों के बढ़ते विरोध के चलते तैयार की गई फर्जी रशीद व शुक्रवार को काटी गई रशीदो को वापस मंगवाया ओर उनको निरस्त किया। वही लोगों की शिकायत पर सहकारी विभाग निरीक्षण कामिनी गुप्ता भी क्रय विक्रय समिति लि. कार्यालय पहुची और मामले की जानकारी ली। जहां लोगों ने लिखित में शिकायत कर मामले की गम्भीरता से जांच करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। इस दौरान इस दौरान पूर्व सरपंच बच्चू तिवाड़ी, कांग्रेस नेत्री मीना गुप्ता, मेव समाज सदर छोटेलाल मास्टर, इकबाल खान, श्री सार्वजनिक पुस्तकालय अध्यक्ष रवि कुमार शर्मा, आसम खान, गंगालहरी प्रजापत, कांग्रेस नेता नूतन शर्मा, सतीश बसवाल के अलावा कस्बे के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।एसडीएम के निर्देशन में सहकारी समिति के कार्यालय पहुंचे तहसीलदार को प्रारंभिक जांच में कुछ अनियमितता सामने आने की बात कही है।उन्होंने पॉश मशीन व रजिस्टर को जप्त किया है। जिसकी रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी जाएगी ।





# सनातनियों ने भक्तिमय माहौल में मनाया प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव

## गुरलां में श्रीरामनवमी पर शौभायात्रा के दौरान हुआ भव्य अखाड़ा प्रदर्शन

गरीबों का सितारा

**गुरला/ बद्री लाल माली।** भीलवाड़ा राजसमन्द राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसे गुरलां कस्बे के माली मौहल्ला स्थित श्रीराम मंदिर पर प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीरामनवमी के पावन अवसर एवं फुलडोल महोत्सव के आयोजन को लेकर शौभायात्रा निकाल भव्य अखाड़ा प्रदर्शन करते हुए सनातनियों द्वारा प्रभु श्रीराम के जन्म महोत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।गुरलां संवाददाता बद्री लाल माली ने बताया कि प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के इस कार्यक्रम में जय श्रीराम जय जय श्रीराम के जयघोष के साथ ही प्रभु श्रीराम दरबार की भव्य झांकी शौभायात्रा के रूप में निकली तो ढोल नगाड़ो की थाप पर जाबांझ पहलवानों ने हैरत अंगेज अखाड़ा प्रदर्शन कर युवाओं ने श्री रामभक्तो का मन मोह लिया। अखाड़ा प्रदर्शन के दौरान जय श्रीराम जय जय श्रीराम के नारो से समूचे गांव का माहौल भक्तिमय बना हुआ था। वही भगवा ध्वज लेकर युवा भक्त शौभायात्रा के आगे चल रहे थे। गांव के रामभक्तो द्वारा शौभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। माली नव बताया कि श्रीरामनवमी के अवसर पर गुरलां स्थित श्रीराम मंदिर को रंगबिरंगी आकर्षक विद्युत रौशनी के साथ ही नाना प्रकार के फूलों से निर्मित पुष्प मालाओं की लड़ियों से दुल्हन की तरह सजाया गया तो साथ ही साथ मन्दिर परिषर में विविध रंगों से आकर्षक रंगोलीयां भी सजाई गई। ये शौभायात्रा मालीयो के चौक से शुरू होकर सहकारी समिति, सदर बाजार, जेन मंदिर से भगवान लक्ष्मी मंदिर पहूँची। जहां ठाकुरजी लक्ष्मीनाथ जी के साथ ही प्रभु श्रीराम की महाआरती की गई । बाद इसके शौभायात्रा पुनः श्रीराम मंदिर पहुँची। शौभायात्रा के दौरान कारोई पुलिस के उपनिरीक्षक हंसपाल सिंह सहित पुलिस जाब्ता भी मौजूद रहा ' इस मौके पर रतनलाल, नारायण लाल गोयल, गोपीलाल जाजम, इंदर मल, ओम प्रकाश, देवीलाल, प्रभुलाल, मोतीलाल, लक्ष्मण लाल, जगदीश, श्याम लाल, किशन, भंवर लाल, लेहरु लाल, रमेश चंद्र, कमलेश, भरत, सुरज, पवन, मुकेश गडवाल, बंसी लाल, शंकर लाल, कैलाश, नारायण लाल, किशन, देवीलाल, अंकुर मोरी सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद रहे ।



# कांग्रेस के शिष्टमंडल ने उपखंड अधिकारी से की मुलाकात



गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** प्रदेश कांग्रेस सेवादल के महासचिव एवं निर्वतमान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोहन मेवाड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस शिष्ट मंडल उपखंड अधिकारी मृदुल सिंह से मुलाकात कर 4 वर्ष बाद जलदाय विभाग द्वारा 4 से 9 हजार रूपए के बिल भेजने पर आपत्ति जताई और कहा कि सरकार द्वारा 2018 से घरेलू पानी के बिल माफ कर दिया था अब इतने वर्षों बाद जलदाय विभाग आम लोगों से पानी के बिल भेज कर आजविका संकट में डाल रहा है तथा आदेश निकाला है कि 31 मार्च तक बिल जमा नहीं करने पर जल कनेक्शन काट दिया जाएगा अगर ऐसा होता है तो ब्यावर की जनता विरोध प्रदर्शन कर सड़कों पर उतरेगी। मेवाड़ा ने उप खंड अधिकारी को बताया की इतने वर्षों तक बिल क्यों नहीं लिए और अब एक साथ भारी भरकम रकम जनता से क्यों वसूल रही है उप खंड अधिकारी महोदय ने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता से बात की तथा इसकी पूरी जानकारी देने को कहा जलदाय विभाग के सहायक अभियंता ने स्पष्ट रूप से अभी तक कोई जवाब नहीं दिया तथा देखकर बताने को कहा अतः शिष्ट मंडल ने कहा कि जनता पर एक साथ बोझ डालने से सरकार की बदनामी होती है तथा आम जनता गहरे सदमे में आ जाती हैं अतः किसी भी हालत में घरेलू जल कनेक्शन नहीं काटने का आग्रह किया और साथ में व्यवसायिक बिल लेने पर कोई आपत्ति नहीं जताई कांग्रेस शिष्टमंडल में सेवादल प्रदेश महासचिव सोहन मेवाड़ा वरिष्ट कांग्रेस नेता बालूराम सेन रामलाल लखन अशोक मूंदड़ा रामचंद्र टैलर रामलाल खोरवाल मदन गोपाल सोनी राधिका शर्मा मगन सोलंकी कमलेश बोहरा चेतन चौहान आदि उपस्थित रहे।

# महावीर जयंती पर शोभायात्रा को लेकर बैठक हुआ आयोजन

## पर्व पर कई तैयारियों की योजनाएं भी बनी

गरीबों का सितारा

**बांदीकुई।** श्री जहाज मित्र मंडल बांदीकुई के सदस्यों की बैठक मंडल के संरक्षक रामबाबू पंडा की अध्यक्षता में माधोगंज मंडी में आयोजित हुई, जिसमे अष्ठम तालबंदी शास्त्रीय संगीत दंगल आयोजित करने, महावीर जयंती पर शहर की बगीचियों, मुक्ति धाम व अन्य जगहों पर 101 परिंडे लगाने एवं हनुमान जन्मोत्सव पर युथ जहाज मित्र मंडल द्वारा आयोजित शोभायात्रा में भव्यता लाने हेतु व्यापक विचार विमर्श किया गया। मंडल के अध्यक्ष दिनेश पारीक ने बताया कि बैठक में अप्रैल के अंतिम सप्ताह में अष्ठम शास्त्रीय संगीत दंगल शहर के बालाजी मंदिर पर आयोजित किया जाना तय किया गया, अध्यक्ष पारीक ने बताया कि विगत 3 वर्षों से कोरोना के कारण शास्त्रीय संगीत दंगल का आयोजन नही हो पा रहा था, बांदीकुई में विगत 100 वर्षों से शास्त्रीय संगीत दंगल आयोजित होता आ रहा है इस परंपरा को जीवंत बनाये जाने हेतु जहाज मित्र मंडल इस हेतु अग्रसर है। साथ ही संगीत दंगल में 6 दंगल पार्टियों को बुलाये जाने का निर्णय लिया गया है, इस अवसर पर मंडल के संरक्षक मनोहर हरियाणा, वरिष्ठ सदस्य एव पार्षद रमाकांत शर्मा, प्रेम शर्मा, डब्बू जाकड, राजेश सोनी, मोती पीटीआई, जीतू हरियाणा, रूपेश फौजी, मनोज पाडला, मोहित जाकड, मोंटी चौबे, छोटु हरियाणा, राहुल तिवारी, सम्मी गुर्जर आदि मौजूद थे।

# शाहपुरा को जिला बनाने पर ब्लॉक अध्यक्ष गुर्जर के सानिध्य में कांग्रेस कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा/ शाहपुरा।** शाहपुरा क्षेत्र के कॉग्रेस कार्यकताओं ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप गुर्जर के सानिध्य में धनोप में निम्न सुविधा दिलाने हेतु पत्र लिखा। शाहपुरा को जिला बनाने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत धन्यवाद यात्रा के दोहरान गुरुवार को ग्राम पंचायत धनोप के कॉग्रेस कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की व निम्न सुविधा गाँव मे उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री को ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी अध्यक्ष के सानिध्य में मुख्यमंत्री को अवगत कराया व कार्य स्वीकृत कराने की मांग की। मेवाड़ का बड़ा शक्ति पीठ धनोप माता स्थान होने के बाद भी ग्राम पंचायत धनोप में कोई सुविधा नही होने से यात्रियों व ग्रामवासीयों को कोई सुविधा नही होने से परेशानी का सामना करना पड़ता। मुख्यमंत्री को पत्र में लिखा कि पंचायत मुख्यालय धनोप से जोड़ने हेतु धनोप से जोरा का खेडा व नन्दा का खेडा तक रोड स्वीकृत कराना, ग्राम पंचायत धनोप में बैंक सुविधा उपलब्ध कराना,ग्राम पंचायत धनोप में रोडवेज सुविधा पुनः चालू करवाना, ग्राम पंचायत धनोप में स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत कराना, खारी नदी पर फीडर का कार्य स्वीकृत कराने की माँग की। इस दोहरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप गुर्जर ने भीलवाड़ा को संभाग बनाने की मांग भी की। इस दौरान कार्यकर्ता समाजसेवी राजू गाडरी, चंद्रभान सिंह राणावत, महावीर प्रसाद बुरड़, बुद्धि प्रकाश शर्मा, गोपाल दरोगा, शिवराज गुर्जर, नोरत खटीक , दुर्गेश सिंह, कालू खटीक,महावीर, घासी, रतन गुर्जर, गायत्री देवी अन्य कार्य करता मौजूद थे।



# अतिरिक्त जिला कलक्टर बीरबल सिंह हुए सेवानिवृत्त

## *तहसीलदार राम सिंह रेवाड़ को भी दी गई विदाई*

### कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ सेवानिवृत्ति समारोह

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जिला कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया।समारोह में कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) बीरबल सिंह एवं तहसीलदार राम सिंह रेवाड़ को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। समारोह को संबोधित करते हुए कलक्टर ने कहा कि श्री बीरबल सिंह ने अपने संपूर्ण कार्यकाल के दौरान में ज्ञान, दक्षता, व्यवहार कुशलता, संवेदनशीलता एवं प्रतिभा का परिचय दिया एवं प्रशासनिक क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित किये हैं। युवा प्रशासनिक अधिकारियों को सिंह के व्यक्तित्व एवं चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए, साथ ही उनके कार्य के प्रति समर्पण, व्यवहार कुशलता, सकारात्मकता एवं निर्णय लेने जैसे गुणों को आत्मसात करने की कोशिश करनी चाहिए। बीरबल सिंह ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैंने अपने पूरे कार्यकाल में आवंटित कार्य को पूर्ण क्षमता, निष्ठा एवं समर्पण के साथ सम्पादित करने की कोशिश की। उन्होंने राजकीय सेवा के अंतिम दिन तक आमजन के परिवेदनाओं के प्राथमिकता से निस्तारण करने के प्रयासों और ईमानदार एवं बेदाग छवि को बरकरार रखने को ही अपनी सबसे बड़ी पूंजी बताया। कार्यक्रम में कलक्टर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने तहसीलदार राम सिंह रेवाड़ के कार्यकाल एवं राजकार्य में उनके योगदान की भी सराहना की। समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) दिनेश कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) अशोक कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) मोहम्मद अबूबक्र, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) शंकरलाल सैनी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) अमृता चौधरी सहित जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।





# रास्ते में मिला फर्स लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

## टीम मनीष यादव के कार्यकर्ता की सराहनीय पहल



गरीबों का सितारा

**चौमू।** आज के इस कलयुग में चंद रुपए के लिए लोगों का ईमान डगमगा जाता है। लेकिन आज भी कई लोगों में ईमानदारी जिंदा हैं। इसका उदाहरण शुक्रवार को रावपुरा के एक युवक के साथ में देखने को मिला। हुआ यू की शुक्रवार को रावपुरा निवासी विजय पुत्र सुवा लाल बाडीगर वीर हनुमान सामोद जा रहे थे, इस दौरान तिगरिया से बावड़ी रोड पर एक गिरा हुआ पर्स मिला। पर्स में मिले दस्तावेजो से पहचान करके राजस्थान विश्वविद्यालय पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनीष यादव के साथ बरवाड़ा निवासी 85 वर्षीय लक्ष्मीनारायण जांगिड़ को उनका पर्स लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। पर्स में 23 हजार 800 रुपये थे। इस मौके पर डॉ गोपाल यादव, बाबू लाल पटेल, जगदीश लाल, रवि सिंह नाथावत सहित अनेक लोग मौजूद थे, जिन्होंने युवक के कार्य की सराहना की।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# डीजीआर व सीएससी के तत्वाधान में हुआ रोजगार मेले का भव्य आयोजन

## भूतपूर्व सैनिकों को रोजगार देने के लिए हुआ रोजगार मेले का आयोजन





### मेले में 200 से अधिक पूर्व सैनिकों का हुआ पंजीयन

गरीबों का सितारा

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर)।** डायरेक्टरेट जनरल रिसेटलमेंट ( डीजीआर) व सीएससी के तत्वाधान में भूतपूर्व सैनिकों को रोजगार देने के लिए जयपुर के मान पैलेस में रोजगार मेले का आयोजन हुआ ' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल आर.एस. गोदारा विशिष्ट अतिथि एम डी रेक्सको, ब्रिगेडियर उत्तम हुक्कू एवं कर्नल कौशलेन्द्र सिंह, आशीष पंवार रहे। इस मौके पर सीएससी राज्य प्रभारी द्वारा आगुन्तक लोगो को विभिन क्षेत्र एवं संस्थाओं में उपलब्ध एवं संभावित रोजगार के अवसरों के साथ सीएससी ग्रामीण नौकरी पोर्टल के बारें में जानकारी प्रदान की गई। राजस्थान में कार्यरत विभिन्न सरकारी संस्थाओं एवं कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा मेले में स्टाल्स लगाकर अपनी अपनी कम्पनी में रोजगार के अवसर की जानकारी दी गई। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी भारत सरकार के तत्वाधान में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के प्रतिनिधियों में सीएससी बीमा राज्य प्रभारी चंचल कुमावत, सीएससी राज्य परियोजना प्रभारी भवानी सिंह बुनकर व केशवदेव शर्मा, सीएससी राज्य शिक्षा प्रभारी असगर खान, बैंकिंग राज्य प्रभारी राहुल बंसल, जिला प्रबंधक राजेश शर्मा के द्वारा सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) की कार्य शैली और रोजगार के संबंध में विस्तार से बताकर रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान की गयी। रोजगार मेले के इस मौके पर सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया के द्वारा 200 से अधिक पूर्व सैनिकों का पंजीयन किया गया ' जिन्हे उचित योग्यता और रूचि के अनुसार नए रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। डायरेक्टरेट जनरल रिसेटलमेंट के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेले राजस्थान राज्य के हर संभाग में समय समय पर आयोजित किये जायेंगे ।रोजगार मेले में सीएससी सहयोगी कार्यकर्ता मनीष कुमावत, प्रवीण सोनी, सुरेश शर्मा, महावीर प्रसाद सहित अनेक कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।




# छात्रों के लिए बेहतर सुविधाएं और सकारात्मक माहौल सुनिश्चित करें कोचिंग संचालक : कलक्टर

## राज्य सरकार द्वारा जारी 20 बिन्दुओं की गाइडलाइन की करनी होगी पालना




### जिला स्तरीय कोचिंग संस्थान निगरानी समिति की बैठक में दिये निर्देश

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** सर्वांगीण विकास, तनाव से मुक्ति दिलाने के लिए कोचिंग संस्थानों के संचालक स्टूडेंट्स को बेहतर सुविधाएं एवं सकारात्मक माहौल मुहैया करवाएं एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 20 बिन्दुओं की गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने यह बात जिला स्तरीय कोचिंग संस्थान निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हॉस्टल में रहने वाले स्टूडेंट्स एवं उनके अभिभावकों की समस्याओं के लिए ई-कम्प्लेंट पोर्टल विकसित कर शिकायतों का निस्तारण किया जाए। साथ हीं, प्रत्येक कोचिंग में प्रतिस्पर्धा एवं शैक्षणिक दबाव के कारण उत्पन्न तनाव एवं अवसाद के निवारण के लिए मनोचिकित्सकीय सेवाएं सुनिश्चित करने करने के लिए मनोवैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त किया जाए।

### ईजी एक्जीट पॉलिसी बनाएं कोचिंग संस्थान

वहीं, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) मोहम्मद अबूबक्र ने कहा कि जिले में संचालित कोचिंग संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण तथा कोचिंग स्टूडेंट्स को मानसिक संबल एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों की पालना हेतु 15 अप्रैल से कोचिंग संस्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष यादव, जयपुर के प्रमुख कोचिंग संस्थानों के संचालक, पुलिस, नगर निगम, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारियों स्टूडेंट्स के अभिभावक सहित गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भूषण आई.टी.आई. में होण्डा कम्पनी का केम्पस प्लेसमेन्ट

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** भारत की प्रतिष्ठित कम्पनी होण्डा कार इण्डिया लिमिटेड, टपूकड़ा, (अलवर) ने सिरसी मोड़ स्थित जयपुर के प्रतिष्ठित संस्थान भूषण प्राईवेट आई.टी.आई. में शुक्रवार को प्रशिक्षणार्थियों के चयन हेतु केम्पस साक्षात्कार कार्यक्रम आयोजित किया। होण्डा कम्पनी द्वारा इस प्लेसमेंट कार्यक्रम में फिटर, मैकेनिक डीजल, मैकेनिक आर. एण्ड ए.सी., एम.एम.वी., वेल्डर, टैक्टर मैकेनिक, इन्स्टूमेन्ट मैकेनिक, आदि व्यवसायों के प्रशिक्षणार्थियों ने अप्रैंटिस व नियमित नियोजन हेतु बड़ी संख्या में भाग लिया। साक्षात्कार के उपरांत कंपनी की एच आर टीम द्वारा कुल 125 प्रशिक्षणार्थियों का अंतिम चयन कर नियुक्ति पत्र जारी किये। कम्पनी के एचआर मैनेजर अर्पित दुबे ने संस्थान के इन्फ्रास्ट्रक्चर, अनुशासन, प्रशिक्षण पद्धति एवं रोजगार प्रकोष्ठ के प्लेसमेंट स्टाफ के द्वारा प्रबंधन में सहयोग हेतु सरहाना की। भूषण प्राईवेट आई.टी.आई. संस्थान के प्राचार्य श्री एन. के. सोनी ने बताया कि संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों के लिए कैम्पस प्लेसमेंट हेतु संस्थान के प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा 100% रोजगार सहयोग किया जाता है तथा अन्य प्रतिष्ठित कम्पनियाँ यथा मारूति सुजुकी, बॉश, जे.सी.बी. इण्डिया, हीरो मोटर कॉर्प, सुजुकी मोटर साईकिल, अशोक लीलेण्ड, पी एण्ड जी, एल एण्ड टी, जॉनसन लिफ्ट, रिलायंस, अडानी, एम.आर.एफ. आदि लगभग 40 कम्पनियाँ प्रति वर्ष केम्पस प्लेसमेंट हेतु आती है। सत्र 2022-23 में प्लेसमेंट विभाग द्वारा संस्थान के 600 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों का निजी क्षेत्र में अन्तिम चयन हुआ। प्लेसमेंट कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य श्री एन. के. सोनी ने यह भी बताया कि युवा तकनीकी कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में आगे आये क्योंकि इसमें रोजगार एवं स्वरोजगार की अपार संभावनाऐं है। विभिन्न व्यवसायों यथा इलेक्ट्रीशियन, फिटर, रेफ्रिजिरेशन एण्ड एयर कण्डीशनिंग एवं मैकेनिक डीजल व्यवसायों से सम्बन्धित विभिन्न तकनीकी कार्यो जैसे मशीन ऑपरेशन, यांत्रिक तथा वैद्युतिक रख रखाव, मशीन टूल, गुणवत्ता-परीक्षण, मशीन स्थापना तथा उपकरण परीक्षण, शक्ति जनित्र आदि में उपरोक्त टेक्निशियन आवश्यक प्रशिक्षण के उपरान्त रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।




# बढ़ा जयपुर का मान : 19 देशों के प्रतिनिधि मंडल ने सिटी पार्क की दिल खोलकर प्रशंसा

## आउटस्टैंडिंग, ब्यूटीफुल, नेवर सीन बिफोर सच ब्यूटी, माइंड ब्लोइंग प्लेस जैसे विशेषणों से सिटी पार्क को नवाजा

### आयुक्त पवन अरोड़ा ने 19 देशों से आए प्रतिनिधिमंडल का जताया आभार

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** आउटस्टैंडिंग, ब्यूटीफुल, नेवर सीन बिफोर सच ब्यूटी, माइंड ब्लोइंग प्लेस, नेचुरल ब्यूटी यह सारे विशेषण 19 देशों से आए 25 प्रतिनिधियों ने गुरुवार को सिटी पार्क की विजिट के दौरान विजिटर बुक में लिखें। सिटी पार्क के भ्रमण के दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने मध्यम मार्ग प्लाजा, रॉक फाउण्टेन, लेक, 213 फीट ऊँचा फ्लैग मास्ट जिस पर भारतीय तिरंगा शान से लहरा रहा है एवं विभिन्न स्क्ल्पचर्स को देखा एवं मुक्तकंठ से प्रशंसा की। सिटी पार्क में हुडको के तत्वाधान में आए मेहमानों का राजस्थानी अंदाज में माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। मेहमानों ने गोल्फ कार में बैठकर सिटी पार्क का भ्रमण किया और आने वाले स्थानीय पर्यटकों से भी बातचीत की। इससे पहले प्रतिनिधि मण्डल ने राजस्थान विधायक आवास परियोजना, मुख्यमंत्री जन आवास योजना सहित कई अन्य परियोजनाओं का दौरा किया। दल के सभी प्रतिनिधि मंडल द्वारा किए गए निर्माण को देखकर काफी प्रभावित और प्रसन्न नजर आए। गौरतलब है कि विदेश मन्त्रालय एवं "मानव प्रबन्धन बसाव संस्थान नई दिल्ली द्वारा आइटीईसी पाठ्यक्रम योजना के तहत आयोजित किये जा रहे "ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर ओवरसीज प्रोफेशनल्स ऑन फॉर्मल सॉल्यूशंस टू इनफॉर्मल सेटेलमेंट्स" के अन्तर्गत 19 देशों के 25 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमण्डल राजस्थान आए हैं। बुधवार को प्रतिनिधिमंडल ने आवासन मंडल के मुख्यालय आवास भवन पर आकर मंडल की महत्वाकांक्षी योजनाओं का अध्ययन भी अध्यन किया था। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने 19 देशों से आए प्रतिनिधिमंडल का आभार जताया और उन्हें जयपुर फिर से आने का न्योता भी दिया।





# लोकतंत्र को बचाने के लिए निकाली सत्याग्रह मशाल यात्रा

## डॉ. हनुमान बराला के नेतृत्व में निकाली गई सत्याग्रह मशाल यात्रा

### बारिश के दौरान भी नही रुकी सत्याग्रह मशाल यात्रा

गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने के बाद कांग्रेस लगातार विरोध प्रदर्शित कर रही है इसी क्रम में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकताओं व सत्य के साथ खड़े रहने वाले लोगों के द्वारा गढ़ गणेश मंदिर से रावण गेट सुभाष सर्किल तक सत्याग्रह मशाल यात्रा निकाली गई ' जिसमें सैकड़ों युवा व कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए। चौमूं क्षेत्र के कांग्रेस नेता डॉ. हनुमान बराला ने बताया कि बाबा साहब अंबेडकर द्वारा बनाये गए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संविधान व लोकतंत्र की जिस प्रकार सुनियोजित तरीके से साजिश कर खत्म करने की कोशिश की जा रही है वो बहुत ही निंदनीय है। लोगो मे इसके खिलाफ कितना आक्रोश है वो इसी बात से पता चलता ही कि भरी बारिस में भी सैकड़ो युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक इस सत्याग्रह मशाल यात्रा में शामिल होकर तानाशाही केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध किया। डॉ.बराला ने आह्वान करते हुए बताया कि आज समय आ चुका है सविधान की रक्षा के लिए सभी लोगो को सड़कों पर उतर कर इस तानाशाही केंद्र सरकार का विरोध करना चाहिए देश मे लोकतंत्र की जिस प्रकार हत्या की जा रही और सत्य की आवाज को तानाशाह सरकार द्वारा दबाने की कोशिश की जा रही है कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'डरो मत' का नारा दिया है ओर इस सत्याग्रह मशाल यात्रा का संदेश भी जन जन तक यही पहुँचाना है। सत्याग्रह मशाल यात्रा का संदेश चौमूं विधानसभा के प्रत्येक गांव गांव ढाणी ढाणी तक पहुँचाना है। यात्रा में जगदीश सेरावत, छीतरमल जलुथरिया, लालाराम सेपट, हनुमान सैनी, रामेश्वर सेरावत, कमल यादव, किशोर जमालपुरिया, गोपाल गुलिया, बाबूलाल चौपड़ा, अभिषेक मोरदिया, सुनील चौपड़ा, मालीराम जाट, श्याम प्रताप गुर्जर, डॉ महेश सैनी, हेमराज सेरावत, विष्णु सैन, अमजद पठान, रहीस खान, सुरेश सेरावत, महेंद्र सेरावत, अर्जुन लाल, कृष्ण सैनी, रमेश बराला, अर्जुन लाल यादव, नरेंद्र यादव, राकेश टोडावता, कमलेश बधाला, एम.डी बधाला, राजेन्द्र नागर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।




# रामनवमी पर शोभायात्रा का हुआ आयोजन



**जयपुर /महेन्द्र प्रताप सिंह।** हिन्दू युवा वाहिनी के तत्वाधान में आज जयपुर में प्रभु श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। महानगर मीडिया प्रभारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शोभायात्रा को शास्त्री नगर स्थित बिलेश्वर महादेव पर विधिवत पूजा अर्चना कर प्रारम्भ किया व अम्बाबाडी के हनुमान मंदिर पर समापन किया गया। जयपुर महानगर अध्यक्ष दिनेश हिन्दू ने बताया कि इस विशाल शोभायात्रा में प्रभु श्री राम की 11फुट की मनमोहक मूर्ति व गौ माता की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस विशाल शोभायात्रा में 25 हजार से अधिक राम भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई व जय श्री राम के नारों ने पूरे वातावरण को भगवामय कर दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव अरोड़ा ,जिला उपाध्यक्ष सतीश जागा ,दुष्यंत शर्मा ,जिला मंत्री जीतेश सोनी ,जितेन्द्र गुर्जर ,रमेश जांगिड ,दीपक सोनी ,शिवाय ग्रुप के शंकर जाट ,अमित जायसवाल ,सांगानेर विधानसभा अध्यक्ष श्रीकांत जांगिड ,महामंत्री राम सैनी ,विधाधर नगर विधानसभा अध्यक्ष चेतन जोशी ,आदर्श नगर विधानसभा अध्यक्ष शशिकांत जैन ,हवामहल विधानसभा अध्यक्ष अंशुल दाधीच सहित जयपुर महानगर की समस्त कार्यकारिणी मौजूद रही।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# आईपीएल का 16वां सत्र शुरू, अनफिट-11 ने बढ़ाई परेशानी



## चोट से परेशान बुमराह

मुंबई इंडियंस के तेज गेदंबाज जसप्रीत बुमराह लंबे समय से चोट से परेशान हैं। उनकी पीठ की चोट बार-बार उबर रही थी। इस वजह से वह पिछले साल एशिया कप से कोई टूर्नामेंट नहीं खेल पाए थे। इसी चोट की वजह से उन्हें पीठ की सर्जरी करानी पड़ी है। अब वह आईपीएल 2023 के बाद ही मैदान में वापसी करेंगे।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2023 की शुरुआत चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच जबरदस्त मुकाबले से हो गया है। एक तरफ हार्दिक पांड्या का युवा जोश दिखा तो दूसरी तरफ महेंद्र सिंह धोनी का अनुभव। हालांकि, दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग का 16वां सीजन चोट से काफी ज्यादा प्रभावित रहने वाला है।

ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी चोट से परेशान हैं। पंत और बुमराह तो पूरे सीजन से बाहर हो चुके हैं। अगर श्रेयस अय्यर अपनी पीठ की सर्जरी कराते हैं तो उनका भी पूरे सीजन से बाहर होना तय है। यहां हम आईपीएल की अनफिट 11 के बारे में बता रहे हैं। हालांकि, इन 11 खिलाड़ियों के अलावा भी झाय रिचर्डसन जैसे कई खिलाड़ी चोटिल हैं, जो इस लीग में नहीं खेलेंगे, लेकिन हमनें सिर्फ बड़े खिलाड़ियों को अनफिट 11 में शामिल किया है।

### पंत सड़क हादसे का शिकार



दिल्ली के कप्तान और विकेटकीपर ऋषभ पंत कार हादसे का शिकार होने के बाद पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह डेविड वॉर्नर को टीम का कप्तान बनाया गया है। पंत को पिछले साल दिसंबर के महीने में कार हादसे में गंभीर चोटें आई थीं। उनकी तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई थी और इसमें आग लग गई थी। इस हादसे के बाद पंत ने कई सर्जरी कराईं और अब वापसी कर रहे हैं।

### अय्यर की पीठ में समस्या



कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर को पीठ में समस्या है। उन्हें यह समस्या लंबे समय से हैं। बीसीसीआई की तरफ से उन्हें सर्जरी कराने की सलाह दी गई है। हालांकि, अय्यर फिलहाल अपनी आईपीएल टीम के साथ हैं और चोट से उबर रहे हैं। अगर वह सर्जरी कराने का फैसला करते हैं तो पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो सकते हैं।

### जेमीसन ने कराई सर्जरी

चेन्नई सुपरकिंग्स के तेज गेंदबाज काइल जेमीसन भी इस सीजन नहीं खेलेंगे। जेमीसन को बार-बार पीठ में तकलीफ हो रही थी और उन्हें सर्जरी कराने के लिए मजबूर होना पड़ा है। सर्जरी के बाद वह पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। पहले उम्मीद जताई गई थी कि आराम करने के बाद उनकी चोट ठीक हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी है।

### विल टूर्नामेंट से बाहर

आरसीबी के ऑलराउंडर विल जैक्स भी चोट के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। आरसीबी की टीम में उनकी जगह न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल को शामिल किया गया है।

### पाटीदार की एड़ी में चोट

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबा रजत पाटीदार का एड़ी की चोट के कारण आईपीएल के पहले चरण में खेलना संदिग्ध है। वह फिलहाल राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रहकर चोट से उबर रहे हैं। आरसीबी के कैंप में शामिल होने के बाद उन्हें चोट लगी थी। फिलहाल उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। एक बार एमआरआई स्कैन के बाद ही साफ होगा कि वह आईपीएल के पहले चरण में खेलेंगे या नहीं।



**जॉनी बेयरस्टो :** पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को गोल्फ खेलने के दौरान चोट लगी थी। उनका पैर फिसल गया था और उनके पैर में तीन फ्रैक्चर आए थे। इसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। वह इसी वजह से टी20 विश्व कप भी नहीं खेल पाए थे। अब वह आईपीएल 2023 से भी बाहर हो गए हैं। उनकी जगह पंजाब किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉर्ट को टीम में शामिल किया है।

**जोश हेजलवुड :** आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी एड़ी की चोट से जूझ रहे हैं। वह भारत के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज में भी नहीं खेल पाए थे। हेजलवुड की चोट भी बार-बार उभर रही है। इसी वजह से वह ऑस्ट्रेलिया के लिए नहीं खेल पा रहे हैं।

### 2023 की अनफिट 11 टीम

जॉनी बेयरस्टो, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, विल जैक्स, काइल जेमीसन, प्रसिद्ध कृष्णा, जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड, मोहसिन खान, लोकी फर्ग्यूसन।


## खबर संक्षेप



### राणा टीम पर कोच के प्रभाव से उत्साहित

**मोहाली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कार्यवाहक कप्तान नीतीश राणा ने शुक्रवार को कहा कि वह भारतीय घरेलू क्रिकेट की शानदार जानकारी के कारण टीम पर चंद्रकांत पंडित के प्रभाव को देखकर उत्साहित हैं। पंडित पिछले कुछ वर्षों में भारतीय घरेलू क्रिकेट में सबसे प्रसिद्ध कोच रहे है। उन्हें इस सत्र से पहले ब्रैंडन मैकुलम की जगह केकेआर का मुख्य कोच बनाया गया है। मुंबई और विदर्भ को कई बार रणजी ट्रॉफी का विजेता बनाने वाले कोच पंडित की देखरेख में मध्य प्रदेश ने पिछले साल इस खिताब को जीता था।

### शुरुआती सात मैच में नहीं खेलेंगे चोटिल हेजलवुड



**मेलबर्न।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड एड़ी की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के पहले चरण में नहीं खेल पाएंगे। हेजलवुड 14 अप्रैल को भारत आएंगे लेकिन वह महीने के तीसरे सप्ताह तक ही पूर्ण फिटनेस हासिल कर पाएंगे। ऐसे में टीम को शुरुआती सात मैचों में उनके बिना मैदान पर उतरना होगा। उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी ग्लेन मैक्सवेल का दो अप्रैल को बेंगलुरु में मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के शुरुआती मैच में खेलना संदिग्ध है।

### बुमराह की जगह वारियर मुंबई की टीम में शामिल



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के लिए शुक्रवार को चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह संदीप वारियर को टीम में शामिल किया। बुमराह पीठ की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। मुंबई इंडियंस ने एक बयान में कहा, 'जसप्रीत बुमराह के विकल्प के तौर पर दाएं हाथ के तेज गेंदबाज संदीप वारियर मुंबई इंडियंस टीम में शामिल होंगे। 2021 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले संदीप घरेलू सर्किट में एक अनुभवी खिलाड़ी हैं जिन्होंने 200 से अधिक मैच खेले हैं जिनमें से 69 मैच टी20 प्रारूप के हैं। उन्होंने अपने करियर में अब तक सभी प्रारूपों में 362 विकेट लिए हैं।' टीम ने कहा, 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ टीम के आईपीएल 2023 के पहले मैच से पूर्व संदीप मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ जाएंगे।' वारियर ने 66 प्रथम श्रेणी, 69 लिस्ट ए और 98 टी20 मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने क्रमशः 217, 83 और 62 विकेट लेकर चटकाए हैं।

## आईपीएल

*'इंपेक्ट प्लेयर' नियम के तहत रायुडू की जगह आए देशपांडे*

# गुजरात का जीत से आगाज चेन्नई को 5 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के अर्धशतक से गत चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ करते हुए शुक्रवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच विकेट से हराया। सुपरकिंग्स के 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की टीम ने गिल (63 रन) के अर्धशतक से चार गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 182 रन बनाकर जीत दर्ज की जो इस टीम के खिलाफ तीन मैचों में उसकी तीसरी जीत है।

सुपरकिंग्स ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ (92) के अर्धशतक से सात विकेट पर 178 रन बनाए। उनके अलावा सिर्फ मोईन अली ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। गुजरात की ओर से लेग स्पिनर राशिद खान ने 26, मोहम्मद शमी ने 29 जबकि अल्जारी जोसेफ ने 33 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

### देशपांडे और सुदर्शन फेल

*सुपरकिंग्स ने आईपीएल के नए नियम 'इंपेक्ट प्लेयर' का सबसे पहले इस्तेमाल करते हुए गुजरात की पारी की शुरुआत में अंबाती रायुडू की जगह तुषार देशपांडे को टीम में जगह दी। गुजरात ने भी 'इंपेक्ट प्लेयर' का इस्तेमाल करते हुए क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हुए केन विलियमसन की जगह साई सुदर्शन को मैदान में उतारा। सुदर्शन (22) हालांकि हेंगरगेकर की ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद से छेड़छाड़ की कोशिश में धोनी को कैच दे बैठे।*




### शमी का उद्घाटन मैच में विकेटों का शतक पूरा

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2023 के ओपनिंग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में गुजरात टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने आई सीएसके टीम को पारी के तीसरे ओवर में ही बड़ा झटका लगा। बता दें कि गुजरात टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सीएसके के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वेका विकेट लेकर एक खास उपलब्धि हासिल की। शमी ने ये विकेट लेकर अपने आईपीएल कॅरियर के 100 विकेट पूरे कर लिए।

**स्कोर बोर्ड**

| चेन्नई सुपरकिंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवोन कॉनवे बो शमी | 01 | 06 | 0 | 0 |
| गायकवाड़ का गिल बो जोसेफ | 92 | 50 | 4 | 9 |
| अली का साहा बो राशिद | 23 | 17 | 4 | 1 |
| स्टोक्स का साहा बो राशिद | 07 | 06 | 1 | 0 |
| अंबाती रायुडू बो लिटल | 12 | 12 | 0 | 1 |
| शिवम दुबे का राशिद बो शमी | 19 | 18 | 0 | 1 |
| जडेजा का शंकर बो जोसेफ | 01 | 02 | 0 | 0 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 14 | 07 | 1 | 1 |
| मिशेल सेंटनर नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 178/7
गेंदबाजी : शमी 4-0-29-2, पंड्या 3-0-28-0, लिटल 4-0-41-1, राशिद 4-0-26-2, जोसेफ 4-0-33-2, दयाल 1-0-14-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का दुबे बो हेंगरगेकर | 25 | 16 | 2 | 2 |
| गिल का गायकवाड़ बो देशपांडे | 63 | 36 | 6 | 3 |
| सुदर्शन का धोनी बो हेंगरगेकर | 22 | 17 | 3 | 0 |
| हार्दिक पंड्या बो जडेजा | 08 | 11 | 0 | 0 |
| शंकर का कॉनवे बो हेंगरगेकर | 27 | 21 | 2 | 1 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 15 | 14 | 1 | 1 |
| राशिद खान नाबाद | 10 | 03 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 19.2 ओवर में 182/5
गेंदबाजी : चाहर 4-0-29-0, देशपांडे 3.2-0-51-1, हेंगरगेकर 4-0-36-3, सेंटनर 4-0-32-0, जडेजा 4-0-28-1.

# आयरलैंड ने सात विकेट से मैच और बांग्लादेश ने जीती सीरीज





एजेंसी ▶▶| चटगांव

*कप्तान पॉल स्टर्लिंग के 41 गेंद में 77 रन की बदौलत आयरलैंड ने शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर अपना सूपड़ा साफ होने से बचा लिया। पहले दो टी20 जीतने वाले बांग्लादेश ने तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।*

*टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम 19.2 ओवर में 124 रन पर सिमट गई। टीम ने 61 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन शमीम हुसैन की 42 गेंद में 51 रन की पारी की बदौलत सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही। आयरलैंड की ओर से मार्क एडेयर ने 25 रन देकर तीन जबकि मैथ्यूज हम्फ्रेज ने 10 रन देकर दो विकेट चटकाए।*

*आयरलैंड ने इसके जवाब में सलामी बल्लेबाज स्टर्लिंग की 41 गेंद में 10 चौकों और चार छक्कों से 77 रन की पारी की मदद से सिर्फ 14 ओवर में तीन विकेट पर 127 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। तास्किन अहमद ने रोस एडेयर (07) को जल्दी आउट किया जबकि शरीफुल इस्लाम ने लोरकान टकर (04) को पवेलियन भेजकर बांग्लादेश को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए।*

### न्यूजीलैंड ने श्रीलंका से जीती वनडे सीरीज



*वेलिंगटन। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद विल यंग की 86 रन की नाबाद पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी एकदिवसीय में श्रीलंका को 103 गेंद शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। यंग ने 113 गेंद में 11 चौके जड़ित नाबाद पारी के दौरान हेनरी निकोल्स (नाबाद 44) के साथ पांचवें विकेट के लिए 100 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को श्रृंखला में 2-0 की जीत दिला दी। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला के पहले मैच को 198 रन से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। शुक्रवार को श्रीलंका की पारी को 41.3 ओवर में 157 रन पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड ने 32.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने भी दूसरे ओवर में छह रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। लहिरू कुमारा ने चैड बॉवेस और टॉम ब्लंडेल के विकेट चटकाकर श्रीलंका अच्छी शुरुआत दिलाई।*

# हॉकी इंडिया ने की राष्ट्रीय शिविर के लिए 39 खिलाड़ियों की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने शनिवार से साई बेंगलुरु केंद्र में शुरू हो रहे राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 39 सदस्यीय पुरुष कोर समूह की घोषणा की।

आम तौर पर राष्ट्रीय टीम का चयन कोर समूह में शामिल खिलाड़ियों में से होता है। यह शिविर यूरोप दौरे से पहले 21 मई तक चलेगा। टीम इसके बाद एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-2023 सत्र के शेष मैचों में बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड और अर्जेंटीना से भिड़ने के लिए यूरोप रवाना होगी। कोर समूह में कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन मलिक, प्रशांत कुमार, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप जेस, संजय, यशदीप सिवाच और दिप्सन तिर्की के अलावा मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरंगथम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मो. राहील मौसीन, मनिंदर सिंह, एस कार्थी, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, मंजीत, पवन राजभर का नाम शामिल है।



### माने, नरवाल ने बाकू विश्व कप टीम में बनाई जगह


**नई दिल्ली।** शाहू तुषार माने और शिव नरवाल को भोपाल विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ के बाकू में आठ से 15 मई तक होने वाले राइफल/पिस्टल विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आगामी टूर्नामेंट के लिए 22 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की जो वर्ष का पांचवां आईएसएसएफ विश्व कप चरण होगा। भोपाल में हाल ही में विश्व कप के तीसरे चरण का सफल आयोजन किया गया। चौथा चरण 11 अप्रैल से पेरू के लीमा में आयोजित किया जाएगा जहां भारत ने भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

# मियामी ओपन : जीते अल्कारेज फाइनल में पहुंची रायबकिना

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने मियामी ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को आसानी से शिकस्त देकर अंतिम चार में जगह पक्की की।

स्पेन के इस खिलाड़ी ने एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में 10वीं रैंकिंग पर काबिज फ्रिट्ज को 6-4 6-2 से मात दी। यह इस साल 19 मैचों में उनकी 18वीं जीत है। सेमीफाइनल में अलकाराज के सामने यानिक सिन्नर की चुनौती होगी। पुरुषों के एक अन्य क्वार्टर फाइनल डेनियल मेदवेदेव अमेरिका के क्वालीफायर क्रिस यूबैंक्स को 6-3, 7-5 से हराया। मेदवेदेव के सामने सेमीफाइनल में हमवतन कारेन खाचानोव की चुनौती होगी। खाचानोव ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो 6-3 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में एलिना रायबकिना ने सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को बारिश से प्रभावित मैच में 7-6(3) 6-4 से शिकस्त दी। फाइनल में उनके सामने 15वीं वरीयता प्राप्त पेत्रा क्वितोवा और गैरवरीय सोराना क्रिस्टी के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल मुकाबले की विजेता की चुनौती होगी।



**मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे से**

# दिल्ली के खिलाफ राहुल पर बेहतर करने की चुनौती

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ सुपर जायंटस की अगुवाई कर रहे लोकेश राहुल आईपीएल में शनिवार को यहां जब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैदान में उतरेंगे तो उनके सामने बल्ले से लय हासिल करने के साथ नेतृत्व कौशल को भी साबित करने की चुनौती होगी।

लखनऊ की टीम पहली बार अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी। राहुल की अगुवाई में टीम पिछले साल लीग के अपने शुरुआती सत्र में प्लेऑफ में पहुंची थी लेकिन बीते कुछ समय से राहुल का बल्ला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। दिल्ली की टीम को ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में खिताब की संभावनाओं को करारा झटका लगा है लेकिन उनके पास कप्तान के तौर पर डेविड वार्नर जैसा आक्रामक सलामी बल्लेबाज है। सनराइजर्स हैदराबाद को अपने नेतृत्व में खिताब दिलाने वाले वार्नर दिल्ली के लिए भी ऐसी सफलता हासिल करना चाहेंगे। कोच रिकी पोंटिंग की टीम को हालांकि वार्नर से ज्यादा मिशेल मार्श से उम्मीद होगी। मार्श ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 12 छक्के जड़े थे। वार्नर और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव अगर टीम को तेज शुरुआत देने में विफल रहते है तो मार्श दो-तीन ओवरों में इसकी भरपाई कर सकते है। दिल्ली के तेज गेंदबाजी विभाग में भारत के अच्छे खिलाड़ियों की कमी है। खलील अहमद पीठ के ऑपरेशन के बाद वापसी कर रहे हैं जबकि इशांत शर्मा अब पहले जैसे धारदार गेंदबाज नहीं रहे। अक्षर और कुलदीप यादव की आठ ओवर की स्पिन गेंदबाजी टीम के लिए काफी अहम होगी।



### केकेआर के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती

*मोहाली। चोट और कुछ विदेशी खिलाड़ियों की अनुपलब्धता से परेशान पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की टीमें जब शनिवार को अपने शुरुआती मुकाबले के लिए दान पर उतरेंगी तो उनका लक्ष्य सत्र को जीत के साथ शुरू करने का होगा। आईपीएल में इन दोनों टीमों के पास हमेशा दमदार खिलाड़ी रहे है लेकिन मैदान पर उनका प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं रहा है। पंजाब किंग्स को अब भी अपने पहले खिताब का इंतजार है जबकि केकेआर की टीम गौतम गंभीर की अगुवाई में दो बार चौम्पियन रही है। पिछले सत्र में 10 टीम के मुकाबले में पंजाब छठे और केकेआर सातवें पायदान पर था।*

# सिंधू सेमीफाइनल में, श्रीकांत मैड्रिड स्पेन मास्टर्स से बाहर

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

*दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि हमवतन किदांबी श्रीकांत हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सिंधू ने दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट को 21-14, 21-17 से हराकर 2023 में पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई।*

*श्रीकांत पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के केंटा निशिमोटो से 18-21, 15-21 से हार गए। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी करते हुए लय हासिल करने के लिए जूझ रही थी। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर हो गई है और इससे पहले अब तक 2023 में पिछले कुछ टूर्नामेंटों में दूसरे दौर की बाधा को भी पार नहीं कर पा रही थी। इस सुपर 300 टूर्नामेंट में बची एकमात्र भारतीय खिलाड़ी सिंधू फाइनल में जगह बनाने के लिए सिंगापुर की गैर वरीयता प्राप्त यिओ जिया मिन से भिड़ेंगी।*



स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com